राजस्थान लोक सेवा आयोग, अजमेर द्वारा आयोजित

AKSHANSH PUBLICATION

## वरिष्ठ अध्यापक भर्ती परीक्षा

# शिक्षक ग्रेड-II

प्रथम प्रश्न पत्र

# सामान्य ज्ञान

राजस्थान का भौगोलिक, ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और सामान्य ज्ञान
राजस्थान करेंट अफेयर्स, विश्व और भारत का सामान्य ज्ञान, शैक्षणिक मनोविज्ञान

## 10 मॉडल प्रश्न-पत्र

सभी प्रश्नो का व्याख्यात्मक हल
**लक्ष्य क्लासेज़, उदयपुर**
के यूट्यूब चैनल पर उपलब्ध

**विशेषताएँ:**

1. परीक्षा की दृष्टि से अतिमहत्वपूर्ण प्रश्नों का व्याख्या सहित हल
2. नवीनतम पाठ्यक्रम पर आधारित प्रश्नों का समावेशन
3. विगत वर्ष के प्रश्नपत्रो के विश्लेषण पर आधारित प्रश्न नवीनतम पाठ्यक्रम पर आधारित

10 OMR SHEETS सहित



करण सर | राम सर | नीरज सर | प्रदीप सर | कुणाल सर

# अक्षांश पब्लिकेशन

M. 9079798005, 6376491126
Plot No 1104, Shiksha Mandir, Sec 4, Circle, Main Road, Udaipur

AKSHANSH PUBLICATION

राजस्थान लोक सेवा आयोग, अजमेर द्वारा आयोजित

## वरिष्ठ अध्यापक भर्ती परीक्षा

# शिक्षक ग्रेड-II

प्रथम प्रश्न पत्र

# सामान्य ज्ञान

राजस्थान का भौगोलिक, ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और सामान्य ज्ञान
राजस्थान करेंट अफेयर्स, विश्व और भारत का सामान्य ज्ञान, शैक्षणिक मनोविज्ञान

## 10 मॉडल प्रश्न-पत्र

व्याख्यात्मक हल लक्ष्य क्लासेज़, उदयपुर के YouTube चैनल एवं एप्लिकेशन पर उपलब्ध।

YOUTUBE

एप्लिकेशन

"अक्षांश प्रकाशन की समस्त पुस्तकें लक्ष्य क्लासेज़, उदयपुर के अनुभवी शिक्षकों के मार्गदर्शन एवं अक्षांश प्रकाशन की समर्पित टीम के सहयोग से तैयार की गई हैं।"

संपादक
करण सर, राम सर, नीरज सर, प्रदीप सर, कुणाल सर

सह संपादक
राजवर्धन बेगड़, गंगासिंह, प्रकाश मेघवाल

MRP : ₹220

प्रकाशन
अक्षांश प्रकाशन, उदयपुर (राज.)

**नोट :-** अब लक्ष्य क्लासेज़ की सभी आगामी पुस्तकें केवल 'अक्षांश प्रकाशन' के माध्यम से ही प्रकाशित की जाएंगी। ये सभी पुस्तकें बाजार में 'अक्षांश' नाम से ही उपलब्ध होंगी। विद्यार्थियों को सूचित किया जाता है कि आगामी समय में 'लक्ष्य' नाम से कोई भी पुस्तक प्रकाशित नहीं की जाएगी। इसलिए कृपया पुस्तक खरीदते समय केवल 'अक्षांश प्रकाशन' के नाम से प्रकाशित और अधिकृत पुस्तकें ही बुक स्टोर्स से प्राप्त करें, ताकि आपको प्रमाणिक, अद्यतन एवं परीक्षा-उपयुक्त सामग्री प्राप्त हो।भविष्य में 'लक्ष्य' नाम से प्रकाशित किसी भी पुस्तक की सामग्री या गुणवत्ता की जिम्मेदारी 'अक्षांश प्रकाशन' या 'लक्ष्य क्लासेज़, उदयपुर' की नहीं होगी।

प्रकाशन

# अक्षांश प्रकाशन

Plot No 1104, Shiksha Mandir, Sec 4, Circle,
Main Road, Udaipur

## लक्ष्य क्लासेज़, उदयपुर से जुड़ने के लिए QR CODE स्कैन करे

TELEGRAM | INSTAGRAM | YOUTUBE | FACEBOOK | WHATSAPP

बुक कोड - AP0017

©सर्वाधिकार - अक्षांश प्रकाशन
lakshyaclassesudr@gmail.com

मुख्य वितरक - लक्ष्य क्लासेज़, उदयपुर
**M. 9079798005, 6376491126**

**अक्षांश प्रकाशन ने इस पुस्तक के तथ्यों तथा विवरणों को उचित स्त्रोतों से प्राप्त किया है। इस पुस्तक में प्रकाशित सभी प्रकार की सामग्री पूर्णतः तथ्यात्मक विश्लेषण पर आधारित है। इस पुस्तक के किसी भी भाग और सामग्री को अक्षांश प्रकाशन की अनुमति और जानकारी के बिना अन्यत्र प्रकाशित या प्रिन्ट करना अनुचित है, यदि ऐसा पाया जाता है तो व्यक्ति या संस्थान स्वयं जिम्मेदार है।**

# अनुक्रमणिका


| क्रम संख्या | अध्याय | पेज संख्या |
|---|---|---|
| 1. | मॉडल पेपर - 01 | 1 - 20 |
| 2. | मॉडल पेपर - 02 | 21 - 38 |
| 3. | मॉडल पेपर - 03 | 39 - 58 |
| 4. | मॉडल पेपर - 04 | 59 - 78 |
| 5. | मॉडल पेपर - 05 | 79 - 98 |
| 6. | मॉडल पेपर - 06 | 99 - 120 |
| 7. | मॉडल पेपर - 07 | 121 - 140 |
| 8. | मॉडल पेपर - 08 | 141 - 160 |
| 9. | मॉडल पेपर - 09 | 161 - 178 |
| 10. | मॉडल पेपर - 10 | 179 - 197 |

1. **राजस्थान को वी. सी. मिश्रा ने कितने भौगोलिक प्रदेशों में बाँटा है।**
(a) दो (b) चार
(c) पाँच (d) सात
(e) अनुत्तरित प्रश्न

2. **निम्न में किस जिले को राजस्थान में सर्वाधिक वार्षिक वर्षा प्राप्त होती है-**
(a) सिरोही (b) बीकानेर
(c) प्रतापगढ़ (d) कोटा
(e) अनुत्तरित प्रश्न

3. **कौनसी नदियाँ कच्छ के रण में गिरती है?**
(a) पश्चिमी बनास और लूनी (b) माही और पश्चिमी बनास
(c) साबरमती और लूनी (d) माही और लूनी
(e) अनुत्तरित प्रश्न

4. **राजस्थान की पहली वन नीति का अनुमोदन कब हुआ?**
(a) फरवरी, 2010 (b) मार्च, 2011
(c) अगस्त, 2010 (d) सितम्बर, 2011
(e) अनुत्तरित प्रश्न

5. **राजस्थान राज्य को _____ जलवायु कृषि-प्रदेशों में विभक्त किया गया है –**
(a) 7 (b) 9
(c) 5 (d) 10
(e) अनुत्तरित प्रश्न

6. **निम्नलिखित में से कौन-सी भेड़ की नस्लें हैं -**
**1. मगरा 2. चोकला**
**3. जैसलमेरी 4. मालपुरा**
**निम्न में से सबसे उपयुक्त विकल्प चुनें:**
(a) केवल 2, 3 और 4 (b) केवल 1, 2 और 3
(c) केवल 1, 3 और 4 (d) सभी 1, 2, 3 और 4
(e) अनुत्तरित प्रश्न

7. **RIDCOR (रिडकोर).... में स्थापित किया गया था।**
(a) नवम्बर, 2004 (b) अक्टूबर, 2004
(c) नवम्बर, 2011 (d) अक्टूबर, 2011
(e) अनुत्तरित प्रश्न

8. **2011 की जनगणना के अनुसार, राजस्थान के किन जिलों में साक्षरता दर क्रमशः अधिकतम और न्यूनतम है –**
(a) कोटा और जालौर (b) जयपुर और जालौर
(c) अजमेर और प्रतापगढ़ (d) जालौर और कोटा
(e) अनुत्तरित प्रश्न

9. **निम्नलिखित में से कौन-सा पर्यटन स्थल (Toursit Destination) राजस्थान के बीकानेर जिले में स्थित नहीं है-**
(a) देशनोक करणी माता मंदिर
(b) राजस्थान राज्य अभिलेखागार
(c) लालगढ़ पैलेस और म्यूजियम
(d) पिछोला झील
(e) अनुत्तरित प्रश्न

10. **कालीबंगा सभ्यता को सर्वप्रथम प्रकाश में लाने का श्रेय दिया जा सकता है?**
(a) बी. बी. लाल (b) बी. के. थापर
(c) एम. डी. खरे (d) अमलानन्द घोष
(e) अनुत्तरित प्रश्न

11. **किस सभ्यता को धूलकोट भी कहते हैं ?**
(a) कालीबंगा (b) बालाथल
(c) बैराठ (d) आहड़
(e) अनुत्तरित प्रश्न

12. **750-1000 ईस्वी के दौरान राजस्थान और अधिकांश उत्तरी भारत पर निम्नलिखित में से किसने शासन किया था?**
(a) चौहान (b) मुगल शासक
(c) मराठा (d) प्रतिहार
(e) अनुत्तरित प्रश्न

13. **1300 ई. में रणथम्भौर पर आक्रमण के दौरान अलाउद्दीन खिलजी का कौन-सा सेनानायक मारा गया था?**
(a) उलुघखाँ (b) नुसरत खाँ
(c) जफरखाँ (d) आईनुल मुल्क
(e) अनुत्तरित प्रश्न

14. **निम्न में से किस युद्ध में महाराणा साँगा ने बाबर की सेना को 16 फरवरी, 1527 को परास्त किया था?**
(a) पानीपत (b) घाघरा
(c) खानवा (d) बयाना
(e) अनुत्तरित प्रश्न

15. **'मारवाड़ का भूला-बिसरा नायक' किसे कहा जाता है?**
(a) राव चंद्रसेन (b) राव गंगदेव
(c) महाराजा अजीत सिंह (d) सूरसिंह
(e) अनुत्तरित प्रश्न

16. **राजस्थान में 1857 की क्रांति के समय यहाँ के ए. जी.जी. (एजेन्ट टू गवर्नर जनरल) कौन थे?**
(a) कप्तान ब्लेक
(b) हेनरी लॉरेन्स
(c) जॉर्ज पैट्रिक लॉरेन्स
(d) कप्तान हीथकोट
(e) अनुत्तरित प्रश्न

17. **राजस्थान का 'जलियांवाला बाग' के नाम से प्रसिद्ध स्थान 'मानगढ़ धाम' किस जिले में स्थित है?**
(a) उदयपुर (b) बाँसवाड़ा
(c) बीकानेर (d) जोधपुर
(e) अनुत्तरित प्रश्न

18. **स्वतंत्रता प्राप्ति के समय राजस्थान में क्षेत्रफल की दृष्टि से सबसे बड़ी रियासत कौन-सी थी?**
(a) मेवाड़ (b) मारवाड़
(c) आमेर (d) टोंक
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**19. उस संस्था का नाम बताइये जिसका गठन स्वामी दयानंद सरस्वती ने उदयपुर में किया था, लेकिन कालान्तर में यह अजमेर स्थानान्तरित कर दी गई-**
(a) आर्य समाज (b) इजलास सभा
(c) परोपकारिणी सभा (d) महान्द्राज सभा
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**20. 'जेन्टलमैन एग्रीमेंट' के संबंध में कौन-सा/कौन-से कथन सत्य नहीं हैं?**
**(1) यह एग्रीमेंट 1942 ई. में हुआ था।**
**(2) इसका संबंध झालावाड़ रियासत से है।**
**(3) इस एग्रीमेंट के अनुसार रियासती सरकार भविष्य में अंग्रेजों की मदद नहीं करेगी।**
(a) 1 और 2 (b) केवल 2
(c) केवल 3 (d) कोई नहीं
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**21. सुमेलित कीजिए-**

| **स्थानीय देवी/देवता** | **जन्म स्थान** |
|---|---|
| **A. तेजाजी** | **1. कोलू** |
| **B. गोगाजी** | **2. जोधपुर** |
| **C. तल्लीनाथ** | **3. चूरू** |
| **D. पाबूजी** | **4. नागौर** |

**नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर का चयन कीजिए-**
(a) A-3, B-2, C-4, D-1 (b) A-2, B-3, C-4, D-1
(c) A-4, B-3, C-2, D-1 (d) A-4, B-2, C-3, D-1
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**22. संत मावजी के चौपड़ों की भाषा है-**
(a) मारवाड़ी (b) खैराड़ी
(c) बागडी (d) मेवाड़ी
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**23. यदि कोई पर्यटक विशाल पानी के टाँके, तोप ढलने का कारखाना तथा गुप्त सुरंगें देखना चाहता है तो उसको किस किले में जाना चाहिए-**
(a) जयगढ़ (b) नाहरगढ़
(c) कुम्भलगढ़ (d) आमेर
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**24. साहिबदीन नामक चित्रकार को मेवाड़ के किस शासक का संरक्षण प्राप्त था?**
(a) महाराणा अमरसिंह
(b) महाराणा जगतसिंह-I
(c) महाराणा कुम्भा
(d) महाराणा रासिंह
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**25. सही सुमेलित नहीं है?**
(a) चन्द्रभागा पशुमेला - झालावाड़
(b) गोगामेडी पशुमेला - हनुमानगढ़
(c) शिवरात्रि पशुमेला- सवाई माधोपुर
(d) रामदेव पशुमेला – नागौर
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**26. महिलाओं के गहनों का सिर से पैर तक सही क्रम-**
(a) बोर, बिन्दिया, टीडीभलकौ, गलपटियो, चुंप, कड़ला, नथ
(b) बोर, टीडीभलकौ, बिन्दिया, नथ, चुप, गलपटियो, कड़ला
(c) बोर, नथ, बिन्दिया, टीडीभलकौ, चुंप, गलपटियो, कड़ला
(e) बोर, बिन्दिया, नथ, टीडीभलकौ, चुप, गलपटियो, कड़ला
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**27. राजस्थान राज्य की 'आत्मा' (लोक नृत्यों का सिरमौर/राज्य नृत्य) किस नृत्य को कहा जाता है?**
(a) घूमर (b) इंडोली
(c) तेरहताली (d) भवाई
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**28. सुमेलित कीजिए-**

| | |
|---|---|
| **A. हेमकवि** | **1. राव जैतसी रो छन्द** |
| **B. बीठू सूजा** | **2. गुण भाषा** |
| **C. वीरभाण** | **3. सूरज प्रकाश** |
| **D. करणीदान** | **4. राजरूपक** |

(a) A-4, B-1, C-3, D-2 (b) A-2, B-1, C-4, D-3
(c) A-1, B-2, C-3, D-4 (d) A-3, B-4, C-2, D-1
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**29. हवामहल, जयपुर के बारे में निम्नलिखित बयानों पर विचार करें और नीचे दिये गए कोड में से प्रश्न का उत्तर दें-**
**1. हवामहल एक आठ मंजिली संरचना है।**
**2. हवामहल महाराजा सवाई प्रताप सिंह द्वारा बनवाया गया था।**
**3. हवामहल में 953 झरोखे या जटिल डिजाइनों से सजाई गई खिड़कियाँ है।**
**हवा महल के बारे में ऊपर दिये गए बयानों में से कौन-सा/से बयान सही है/हैं-**
(a)1, 2 और 3 (b) 1 और 2
(c) 1 और 3 (d) 2 और 3
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**30. संविधान के किस अनुच्छेद में राज्यपाल की शपथ का प्रारूप दिया गया है?**
(a) अनु. 158 (b) अनु. 159
(c) अनु. 154 (d) अनु. 155
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**31. राजस्थान के वे राज्यपाल जिनका कार्यकाल के दौरान निधन हुआ-**
**1. एस. के. सिंह** **2. श्रीमती प्रभा राव**
**3. निर्मल चंद जैन** **4. दरबारा सिंह**
(a) केवल 2 (b) 2, 4
(c) 1, 2, 3, 4 (d) केवल 1
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**32. मुख्यमंत्री बनने के लिए कितनी आयु आवश्यक है?**
(a) 25 वर्ष (b) 30 वर्ष
(c) 35 वर्ष (d) 18 वर्ष
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**33. निम्न में से किस मुख्यमंत्री को डीग-गोलीकांड के बाद इस्तीफा देना पड़ा और उन्होंने कब इस्तीफा दिया?**
(a) शिवचरण माथुर - 23 फरवरी, 1985
(b) जगन्नाथ पहाड़िया - 13 जुलाई, 1981
(c) हरिदेव जोशी - 20 जनवरी, 1988
(d) मोहन लाल सुखाड़िया - 16 फरवरी, 1980
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**34. दो या अधिक राज्यों के लिए संयुक्त लोक सेवा आयोग के अध्यक्ष एवं सदस्यों की नियुक्ति किसके द्वारा की जाती है?**
(a) राज्यों के राज्यपालों द्वारा (b) राष्ट्रपति द्वारा
(c) संघ लोक सेवा आयोग के अध्यक्ष
(d) प्रधानमंत्री द्वारा (e) अनुत्तरित प्रश्न

**35. अधोलिखित राज्य सचिव में स्थित पदों को नीचे दिए गये कूट की सहायता से पद सोपानीय क्रम (उच्चतर से निम्नतर) में नियोजित करते हुए सही उत्तर का चयन कीजिए-**
**1. सचिव** **2. उप सचिव**
**3. विशिष्ट सचिव** **4. सहायक सचिव**
**कूट :**
(a) 2, 3, 4, 1 (b) 4, 3, 2, 1
(c) 3, 2, 1, 4 (d) 1, 3, 2, 4
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**36. राजस्थान राज्य मानवाधिकार आयोग के संबंध में निम्नांकित कथनों पर विचार कीजिए-**
**(i) मानव अधिकार संरक्षण (संशोधन) अधिनियम, 2006 के प्रावधानानुसार आयोग में एक अध्यक्ष एवं चार सदस्य हैं।**
**(ii) राजस्थान राज्य मानवाधिकार आयोग के वर्तमान अध्यक्ष न्यायमूर्ति श्री गंगा राम मूलचंदानी हैं।**
(a) न तो (i) न ही (ii) सही है। (b) (i) व (ii) दोनों सही हैं।
(c) केवल (ii) सही है। (d) केवल (i) सही है।
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**37. यदि कोई पंचायत राज संस्था अपनी अवधि समाप्त होने से पूर्व भंग कर दी जाती है, तो उसका निर्वाचन ..... होना चाहिए।**
(a) विघटन से तीन माह के अन्दर
(b) विघटन के छः माह के अन्दर
(c) विघटन से एक वर्ष के अन्दर
(d) कभी भी (e) अनुत्तरित प्रश्न

**38. पंचायती राज संस्थाओं की समस्याओं का अध्ययन करने हेतु भारत सरकार द्वारा 1986 में, निम्नांकित में से किस समिति का गठन किया गया?**
(a) अशोक मेहता समिति (b) के. संथानम समिति
(c) हनुमंतराव समिति (d) एल. एम. सिंघवी समिति
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**39. किस वर्ष में, राजस्थान विधानसभा की कुल सदस्य संख्या बढ़ाकर 200 की गई?**
(a) 1967 में (b) 1972 में
(c) 1977 में (d) 1980 में
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**40. राजस्थान विधानसभा को विघटित करने का अधिकार किसे है?**
(a) राज्यपाल (b) मुख्यमंत्री
(c) विधानसभा अध्यक्ष (d) लोकायुक्त
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**41. म्यांमार की सीमा के सहारे भारत के राज्यों का उत्तर से दक्षिण का सही क्रम क्या है?**
(a) नागालैण्ड, मणिपुर, मिज़ोरम, अरुणाचल प्रदेश
(b) अरुणाचल प्रदेश, नागालैण्ड, मिज़ोरम, मणिपुर
(c) मिज़ोरम, नागालैण्ड, मणिपुर, अरुणाचल प्रदेश
(d) अरुणाचल प्रदेश, नागालैण्ड, मणिपुर, मिज़ोरम
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**42. भारतीय मानसून की अरब सागर शाखा एवं बंगाल की खाड़ी शाखा मिलती है-**
(a) गंगा के मैदान के उत्तर-पश्चिमी भाग में
(b) पूर्वी हिमालयी क्षेत्र में
(c) नीलगिरी की पहाड़ियों पर
(d) दोनों शाखाएँ कभी आपस में नहीं मिलती हैं।
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**43. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए-**
**1. भारत का मैनचेस्टर गाँधी नगर को कहा जाता है।**
**2. दक्षिण भारत का मैनचेस्टर कोयंबटूर को कहा जाता है।**
**3. उत्तरी भारत का मैनचेस्टर कानपुर को कहा जाता है।**
**4. राजस्थान का मैनचेस्टर भीलवाड़ा को कहा जाता है।**
**उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन असत्य है/हैं?**
(a) केवल 3 (b) केवल 1 व 2
(c) केवल 1 (d) केवल 2 व 4
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**44. निम्नलिखित जलसंधियों को उत्तर से दक्षिण के क्रम में सजाइए –**
**1. सुण्डा जलसंधि** **2. सुगारू जलसंधि**
**3. मलक्का जलसंधि** **4. बास जलसंधि**
(a) 3, 1, 2, 4 (b) 3, 2, 1, 4
(c) 2, 3, 1, 4 (d) 1, 4, 2, 3
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**45. ओजोन परत के क्षरण के लिए कौन-सी गैस उत्तरदायी होती है?**
(a) क्लोरोफ्लोरो कार्बन (b) नाइट्रोजन
(c) हाइड्रोजन (d) कार्बन डाइऑक्साइड
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**46. निम्नलिखित राज्यों में से कौन-से उत्तर प्रदेश की सीमा बनाते है?**
**1. छत्तीसगढ़** **2. राजस्थान**
**3. पंजाब** **4. झारखण्ड**
**नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर का चयन कीजिए-**
(a) केवल 1 व 4 (b) केवल 2 व 3
(c) केवल 1,2 व 4 (d) उपर्युक्त सभी
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**47. सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए-**

| सूची – I (नदी) | सूची–II (उद्गम स्थल) |
|---|---|
| A.सिंधु | i.शेषनाग झील |
| B.सतलज | ii.राक्षस ताल झील |
| C.झेलम | iii.रोहतांग दर्रा |
| D.रावी | iv.बोखर चू |

**नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर का चयन कीजिए-**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | iii | iv | i | ii |
| (b) | iii | i | ii | iv |
| (c) | iv | ii | i | iii |
| (d) | ii | i | iv | iii |

(e) अनुत्तरित प्रश्न

**48. पृथ्वी के जीवन के अस्तित्व को सबसे बड़ा खतरा है-**

(a) मरुस्थलीकरण के कारण (b) वनों के कटाव के कारण
(c) विकिरण के कारण (d) उपर्युक्त में से कोई नहीं
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**49. चाय की कृषि के संबंध में निम्नलिखित में से कौन सा/से कथन सत्य है/हैं?**

**1. चाय का पौधा उष्ण और उपोष्ण कटिबंधीय जलवायु में अच्छी तरह उगता है।**

**2. चाय की कोमल पत्तियों के विकास में वर्षभर समान रूप से होने वाली वर्षा की बौछारें सहायक होती हैं।**

**3. चाय की फसल के लिए ह्यूमस और जीवाश्म युक्त मृदा उपयुक्त होती है।**

**कूटः**

(a) केवल 1 (b) केवल 2 और 3
(c) केवल 3 (d) उपर्युक्त सभी
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**50. भारत की जनगणना 2011 के अनुसार न्यूनतम लिंगानुपात वाले राज्यों का समूह है-**

(a) केरल, तमिलनाडु (b) हरियाणा, जम्मू व कश्मीर
(c) सिक्किम, पंजाब (d) मणिपुर, छत्तीसगढ़
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**51. संयुक्त राज्य अमेरिका में रॉकीज पर्वत को पार कर चलने वाली गरम पवनें कहलाती है?**

(a) खमसिन (b) सिरोक्को
(c) चिनूक (d) फॉन
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**52. निम्न में से कौन-सा कथन भारतीय अर्थव्यवस्था की संरचनात्मक परिवर्तनों के संबंध में सत्य नहीं है?**

(a) सकल राष्ट्रीय उत्पादन में विनिर्माण क्षेत्र का योगदान बढ़ रहा है।
(b) सकल राष्ट्रीय उत्पादन में निर्माण क्षेत्र का योगदान बढ़ रहा है।
(c) सकल राष्ट्रीय उत्पादन में खनिज एवं उत्खनन का सापेक्षिक योगदान घट रहा है।
(d) सकल राष्ट्रीय उत्पादन में कृषि क्षेत्र का सापेक्षिक योगदान घट रहा है।
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**53. सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय (MoSPI) के अधीन राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (NSO) की स्थापना की गई-**

(a) वर्ष 2016 (b) वर्ष 2015
(c) वर्ष 2019 (d) वर्ष 2017
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**54. यदि बाजार कीमत पर सकल घरेलू उत्पाद 12,380 करोड़ रुपये स्थिर पूँजी उपभोग 1,400 करोड़ रुपये, सब्सिडी 250 करोड़ रुपये तथा अप्रत्यक्ष कर 900 करोड़ रुपये हो तो साधन लागत पर शुद्ध घरेलू उत्पाद ($NDP_{fc}$) होगा-**

(a) 19,960 करोड़ रुपये (b) 10,330 करोड़ रुपये
(c) 12, 240 करोड़ रुपये (d) 13,460 करोड़ रुपये
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**55. किस समिति द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों के लिए "उपभोक्ता मूल्य सूचकांक- कृषि श्रमिक (CPI-AL)" का उपयोग करने का सुझाव दिया गया?**

(a) वाई. के अलघ समिति (b) सुरेश तेंदुलकर समिति
(c) रथ व दाण्डेकर समिति (d) D.T. लकड़ावाला समिति
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**56. राष्ट्रीय आय के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार करते हुए कूट में से सत्य कथन चुनिए-**

**A. सर विलियम पेटी ने सर्वप्रथम राष्ट्रीय आय लेखा की अवधारणा को 17वीं शताब्दी में विकसित किया।**

**B. अपनी पुस्तक 'पॉवर्टी एंड अनब्रिटिश रूल इन इंडिया' में दादाभाई नौरोजी ने प्रति व्यक्ति आय 30 रुपये प्रतिवर्ष बताई।**

**C. भारत में सर्वप्रथम राष्ट्रीय आय की गणना वर्ष 1868 के लिए दादाभाई नौरोजी ने की थी।**

**कूट-**

(a) केवल A व B (b) केवल A व C
(c) केवल A (d) A, B, C
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**57. पंडित जवाहर लाल नेहरू की विदेश नीति की विशेषताओं में शामिल हैं–**

**A. मित्रता** **B. शांति**
**C. समानता** **D. शस्त्रीकरण**

**कूटः-**

(a) A और B (b) B और C
(c) A, B और C (d) B, C और D
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**58. कोलम्बो प्रस्ताव का संबंध निम्नलिखित में से कौन-से देशों से हैं?**

(a) भारत-श्रीलंका
(b) भारत-पाकिस्तान
(c) भारत-चीन
(d) भारत-बांग्लादेश
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**59. निम्नलिखित में से कौन भारत के प्रधानमंत्री बनने से पूर्व किसी भी राज्य के मुख्यमंत्री नहीं रहे थे?**
(a) एच.डी. देवगोड़ा (b) चन्द्र शेखर
(c) पी.वी. नरसिम्हा राव (d) मोरारजी देसाई
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**60. निम्नलिखित में से कौन-सा एक भारत शासन अधिनियम, 1935 में स्वीकार किया हुआ महत्वपूर्ण और स्थायी अवयव नहीं है?**
(a) एक संघ की योजना पर विचार
(b) विधान मंडल के लिए निर्वाचित एवं जवाबदेह प्रतिनिधि
(c) देश के लिए लिखित संविधान
(d) विधान मंडल के लिए सरकारी सदस्यों का समवाचित किया जाना।
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**61. भारत के संविधान में शोषण के विरुद्ध अधिकार द्वारा निम्नलिखित में से कौन से परिकल्पित है?**
**(A) मानव देह व्यापार और बंधुआ मजदूरी (बेगारी) का निषेध**
**(B) अस्पृश्यता का उन्मूलन**
**(C) कारखानों और खदानों में बच्चों के नियोजन का निषेध**
**(D) अल्पसंख्यकों के हितों की सुरक्षा**
**नीचे दिए गये कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए-**
(a) केवल A, B और C (b) केवल B, C और D
(c) केवल A और C (d) A, B, C और D
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**62. निम्न में से कौनसा कथन पूना पैक्ट के बारे में सहीं नहीं है?**
(a) पूना पैक्ट 24 सितम्बर, 1932 को हुआ था।
(b) पूना पैक्ट महात्मा गाँधी और डॉ. अम्बेडकर के बीच हुआ था।
(c) पूना पैक्ट में दलितों के लिए अलग निर्वाचन और दो वोट का अधिकार खत्म हो गया था।
(d) पूना पैक्ट में हरिजनों के लिए विधान मंडलो में सुरक्षित स्थानों की संख्या 71 से बढ़कर 158 कर दी गई।
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**63. परमाणु अप्रसार सन्धि को संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा स्वीकार किया गया –**
(a) सितम्बर, 1965 (b) अगस्त, 1967
(c) अप्रैल, 1966 (d) जून, 1968
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**64. गुटनिरपेक्ष आंदोलन के कौन-से शिखर सम्मेलन की भारत ने मेजबानी की थी?**
(a) 7 वें (b) 5 वें
(c) 11 वें (d) 9 वें
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**65. भारत की पूर्वीय अवलोकन नीति का लक्ष्य है–**
(a) आसियान देशों के साथ घनिष्ठ संबंधों के लिए
(b) सोवियत संघ के साथ घनिष्ठ संबंधों के लिए
(c) चीन के साथ घनिष्ठ संबंधों के लिए
(d) जापान के साथ घनिष्ठ संबंधों के लिए
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**66. वर्तमान में संयुक्त राष्ट्र संघ में भारत के स्थायी प्रतिनिधि कौन हैं?**
(a) नटराज कृष्णन (b) रुचिरा कंबोज
(c) टी.एस.त्रिमूर्ति (d) राजेश्वर दयाल
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**67. भारत के राष्ट्रपति से सम्बन्धित निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा एक सही नहीं है?**
(a) वह दोनों सदनों की चर्चा में भाग में भाग लेता है।
(b) वह संसद का एक संघटक भाग हैं
(c) वह प्रत्येक वर्ष दोनों सदनों की संयुक्त बैठक को सम्बोधित करता है।
(d) वह किन्हीं परिस्थितियों में अध्यादेश लागू कर सकता है।
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**68. सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए तथा सूचियों के नीचे दिए गये कूट से सही उत्तर चुनिए-**

| सूची- I | | सूची-II | |
|---|---|---|---|
| **विषय** | | **संविधान का भाग** | |
| **A** | **उपाधियों का अन्त** | **i** | **राज्य के नीति निर्देशक तत्व** |
| **B** | **ग्राम पंचायतों का संगठन** | **ii** | **संघ और उसका राज्य क्षेत्र** |
| **C** | **6 से 14 वर्ष तक के बालक/ प्रतिपाल्य के लिए शिक्षा के अवसर प्रदान करना** | **iii** | **मूल अधिकार** |
| **D** | **इंडिया अर्थात भारत, राज्यों का संघ है** | **iv** | **मौलिक कर्त्तव्य** |

**कूट:-**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | i | ii | iii | iv |
| (b) | iii | i | iv | ii |
| (c) | iv | iii | ii | i |
| (d) | ii | iv | i | iii |

(e) अनुत्तरित प्रश्न

**69. वह कौनसी योजना थी जिसके बारे में गांधी जी ने टिप्पणी की थी ''यह एक क्षतिग्रस्त बैंक के नाम के आगे की तारीख वाला चैक'' हैं?**
(a) वेवेल की योजना (b) अगस्त योजना
(c) कैबिनेट मिशन योजना (d) क्रिप्स मिशन योजना
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**70. निम्नलिखित में से कौन-सा कार्य राजनीतिक दलों का नहीं है?**
(a) निर्वाचन के समय प्रत्याशियों का चयन करते है।
(b) मतदाता सूची बनवाने में यह सहयोग करते है।
(c) यह निर्वाचन करवाते है
(d) ये सरकार और जनता के मध्य सेतु का कार्य करते है।
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**71. संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद् के अस्थायी सदस्य के रूप में भारत का कुल कार्यकाल रहा है - (जुलाई ,2025 तक)**
(a) 10 वर्ष (b) 16 वर्ष
(c) 13 वर्ष (d) 14 वर्ष
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**72. 16वां आदिवासी युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम का आयोजन कहाँ पर किया गया है?**
(a) जोधपुर (b) जयपुर
(c) अजमेर (d) कोटा
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**73. जोधपुर कृषि विश्वविद्यालय द्वारा किस गांव को स्मार्ट विलेज बनाया जाएगा?**
(a) बिंजवाड़िया, जोधपुर (b) मेनार, उदयपुर
(c) नंद गांव, सिरोही (d) देवमाली, ब्यावर
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**74. राज्य सरकार ने हाल ही में किसान सम्मान निधि की राशि को बढ़ाकर कितना कर दिया है ?**
(a) 5,000 रूपए (b) 6,000 रूपए
(c) 7,000 रूपए (d) 8,000 रूपए
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**75. राजस्थान का पहला जल संरक्षण जीरो लिक्विड डिस्चार्ज प्लांट कहाँ लगाया गया है?**
(a) अजमेर डेयरी (b) उदयपुर डेयरी
(c) जयपुर डेयरी (d) जोधपुर डेयरी
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**76. हाल ही में राजस्थान सरकार ने घूमंत ब्रांड एंबेसडर किसको घोषित किया है?**
(a) अजय भादू (b) शिवकुमार कल्याण रमन
(c) विक्रमसिंह राठौड़ (d) काश पटेल
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**77. राज्य सरकार ने 75 साल बाद भारतीय नववर्ष पर राजस्थान दिवस मनाए जाने की घोषणा की थी, यह कब मनाया गया?**
(a) 23 मार्च (b) 25 मार्च
(c) 28 मार्च (d) 30 मार्च
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**78. राजस्थान के रजत चौहान को पहली बार लॉस एंजिलिस 2028 ओलिंपिक में मिक्स्ड टीम इवेंट के रूप में शामिल किया गया है। यह किस खेल से संबंधित है?**
(a) शुटिंग (b) शुटिंग
(c) स्नूकर (d) तीरंदाजी
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**79. राजस्थान के किस शहर में 'मिट इन इंडिया कॉन्क्लेव 2025' का आयोजन किया गया है?**
(a) उदयपुर (b) जोधपुर
(c) जयपुर (d) अजमेर
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**80. इंटरनेशनल थ्रोबॉल टूर्नामेंट में स्वर्ण पदक जीतने वाली पैरा प्लेयर सोनिया चौधरी का संबंध राजस्थान के किस जिले से है?**
(a) बीकानेर (b) भरतपुर
(c) जयपुर (d) सवाई माधोपुर
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**81. सूची-I (प्रमुख पुस्तकें) एवं सूची-II (उनके लेखक) को सुमेलित कीजिए।**

| सूची-I | सूची-II |
|---|---|
| (i) सामाजिक मनोविज्ञान का परिचय | (a) विलियम जेम्स |
| (ii) मनोविज्ञान के सिद्धांत | (b) सी.एल. हल |
| (iii) व्यवहार के सिद्धांत | (c) विलियम मैक्डूगल |
| (iv) इमाइल | (d) अरस्तु |
| (v) डी-एनिमा | (e) रूसो |

**कूट :**

| | (i) | (ii) | (iii) | (iv) | (v) |
|---|---|---|---|---|---|
| (a) | c | a | b | e | d |
| (b) | b | a | c | d | e |
| (c) | c | a | b | d | e |
| (d) | a | b | c | d | e |

(e) अनुत्तरित प्रश्न

**82. निम्नलिखित में से कौन-सा विकल्प अधिगम के संबंध में सही नहीं है?**
(a) अधिगम समायोजन है। (b) अधिगम परिपक्वता है।
(c) अधिगम विकास है। (d) अधिगम सिर्फ ज्ञान प्राप्ति है।
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**83. संरचनावादी ढाँचे में अधिगम प्राथमिक रूप से -**
(a) अवलोकन की प्रक्रिया पर केंद्रित है।
(b) अनुबंधन द्वारा अर्जित है।
(c) यंत्रवत् याद करने पर आधारित है।
(d) प्रबलन पर केंद्रित है।
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**84. माता-पिता के कार्यस्थल को ब्रोनफेन ब्रेन्नर ने किस मण्डल के अंतर्गत सम्मिलित किया है?**
(a) लघु मण्डल (b) बाह्य मण्डल
(c) मध्य मण्डल (d) वृहद् मण्डल
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**85. निम्नलिखित में से कौन-सा समायोजन का एक प्रत्यक्ष उपाय नहीं है?**
(a) युक्तिकरण (b) बाधा निवारण
(c) लक्ष्य प्रतिस्थापन (d) मार्ग परिवर्तन
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**86. बुद्धि की विशेषता है-**
(a) बुद्धि के सहारे व्यक्ति उद्देश्यपूर्ण क्रियाएँ करता है।
(b) बुद्धि, व्यक्ति की जन्मजात शक्ति है।
(c) बुद्धि, विभिन्न क्षमताओं का सम्पूर्ण योग है।
(d) उपर्युक्त सभी
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**87. निम्नलिखित में से कौन-सा सृजनशीलता का एक प्रमुख तत्त्व नहीं है?**
(a) मौलिकता (b) धाराप्रवाहिता
(c) अनुशासन (d) लचीलापन
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**88. किसी दूसरी वस्तु की बजाय एक वस्तु पर चेतना का केंद्रीकरण कर लेना क्या कहलाता है?**
(a) आदत (b) संवेदना
(c) सामाजिक कौशल (d) अवधान
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**89. शिक्षा मनोविज्ञान का महत्त्व है-**
(a) बालक की आवश्यकताओं एवं व्यवहार को समझने में
(b) व्यक्तिगत विभिन्नताओं को समझने में
(c) अधिगम प्रक्रिया को समझने में
(d) उपर्युक्त सभी
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**90. प्रेक्षणात्मक अधिगम का अंतिम चरण क्या होता है?**
(a) पुन: प्रस्तुतीकरण
(b) अवधान
(c) अभिप्रेरणा
(d) धारण करना
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**91. कोहलबर्ग के सिद्धांत की किस अवस्था में बालक प्रशंसा प्राप्ति के लिए नैतिक आचरण प्रकट करता है?**
(a) यांत्रिक सापेक्षता उन्मुखता अवस्था
(b) दण्ड व आज्ञापालन की अवस्था
(c) अच्छा लड़का-अच्छी लड़की अवस्था
(d) विवेक की अवस्था
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**92. निम्नलिखित में से व्यक्तित्व मापन की एक आत्मनिष्ठ विधि नहीं है-**
(a) आत्मकथा लेखन विधि
(b) स्वप्न विश्लेषण विधि
(c) जीवन इतिहास विधि
(d) प्रश्नावली विधि
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**93. किसने 'बहुबुद्धि सिद्धांत' का प्रतिपादन किया था?**
(a) अल्फ्रेड बिने
(b) हॉवर्ड गार्डनर
(c) गिलफोर्ड
(d) थर्स्टन
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**94. विशिष्ट बालकों के अंतर्गत निम्नलिखित में से कौन-सा बालक आता है?**
(a) प्रतिभाशाली बालक (b) पिछड़ा बालक
(c) समस्यात्मक बालक (d) उपर्युक्त सभी
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**95. अचेतन मन का अध्ययन किस दृष्टिकोण के अनुसार अत्यंत महत्त्वपूर्ण है?**
(a) प्रकार्यवाद
(b) व्यवहारवाद
(c) संरचनावाद
(d) मनोविश्लेषणवाद
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**96. रॉबर्ट एम. गैने की अधिगम सोपानिकी में "संकेत अधिगम" किस पर आधारित है?**
(a) गुथरी के सिद्धांत पर
(b) स्कीनर के सिद्धांत पर
(c) पावलॉव के सिद्धांत पर
(d) कुर्त लेविन के सिद्धांत पर
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**97. किशोरावस्था में संवेगों की तीव्रता किस कारण प्रकट होती है?**
(a) नई परिस्थिति के साथ समायोजन समस्या
(b) प्रतिकूल पारिवारिक संबंध
(c) व्यवसाय की समस्या
(d) उपर्युक्त सभी
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**98. युंग के अनुसार वह व्यक्ति जो मिलना-जुलना पसंद करता है तथा प्राय: खुशमिजाज होता है, कहलाता है-**
(a) उभयमुखी व्यक्तित्व
(b) अन्तर्मुखी व्यक्तित्व
(c) मिश्रितकाय व्यक्तित्व
(d) बहिर्मुखी व्यक्तित्व
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**99. संवेगात्मक बुद्धि से तात्पर्य है-**
(a) अंतर्वैयक्तिक संबंधों का निर्माण करना।
(b) संवेगों को समझना व पहचानना।
(c) संवेगों का प्रबंधन/नियंत्रण
(d) उपर्युक्त सभी
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**100. निम्नलिखित में से किसे जैविक प्रेरक की श्रेणी में नहीं रखा जाता है?**
(a) प्यास
(b) यौन
(c) उपलब्धि
(d) नींद
(e) अनुत्तरित प्रश्न

♦ ♦ ♦ ♦

**1. [d]**

**व्याख्या:-**

- राजस्थान को वी. सी. मिश्रा ने सात भौगोलिक प्रदेशों में बाँटा है।

**प्रो. वी.सी. मिश्रा का वर्गीकरण**

- प्रो. वी.सी. मिश्रा ने अपनी पुस्तक **'राजस्थान का भूगोल'** में सर्वप्रथम राजस्थान को **7 भौगोलिक प्रदेशों** में विभाजित किया। ये प्रदेश हैं:

1. पश्चिमी शुष्क प्रदेश
2. अर्द्ध-शुष्क प्रदेश
3. नहरी प्रदेश
4. अरावली प्रदेश
5. पूर्वी कृषि-औद्योगिक प्रदेश
6. दक्षिण-पूर्वी कृषि प्रदेश
7. चम्बल बीहड़ प्रदेश

**2. [c]**

**व्याख्या:-**

- **राजस्थान में वर्षा का वितरण**: राजस्थान में वर्षा का वितरण असमान है, जो दक्षिण-पूर्व से उत्तर-पश्चिम की ओर घटता जाता है। दक्षिणी और दक्षिण-पूर्वी जिले जैसे झालावाड़, बांसवाड़ा, और प्रतापगढ़ सबसे अधिक वर्षा प्राप्त करते हैं, क्योंकि ये क्षेत्र अरब सागर की मानसूनी शाखा से प्रभावित होते हैं।
- **प्रतापगढ़**: यह जिला उदयपुर संभाग में दक्षिणी राजस्थान में स्थित है। यहाँ औसत वार्षिक वर्षा **लगभग 85-90 सेमी.** होती है, जो राजस्थान के अन्य जिलों की तुलना में अधिक है। प्रतापगढ़ का उच्चावच और अरावली की निकटता इसे वर्षा के लिए अनुकूल बनाती है।

**अन्य**

- **सिरोही**: सिरोही में माउंट आबू के कारण स्थानीय स्तर पर अधिक वर्षा (150 सेमी. तक) होती है, लेकिन जिले का औसत कम (लगभग 60-70 सेमी.) है।
- **बीकानेर**: यह उत्तरी राजस्थान का शुष्क जिला है, जहाँ वर्षा बहुत कम (20-30 सेमी.) होती है।
- **कोटा**: कोटा में भी अच्छी वर्षा (लगभग 70-80 सेमी.) होती है, लेकिन प्रतापगढ़ से कम।
- प्रतापगढ़ की औसत वार्षिक वर्षा अन्य विकल्पों से अधिक है, इसलिए सही उत्तर **प्रतापगढ़** है।

**3. [a]**

**व्याख्या:-**

- कच्छ का रण गुजरात में एक नमकीन दलदल है। यह कई नदियों का अंतिम गंतव्य है।
- पश्चिमी बनास और लूनी नदियाँ राजस्थान से निकलकर कच्छ के रण में गिरती हैं।
- पश्चिमी बनास सिरोही से शुरू होती है। लूनी नाग पहाड़ से निकलती है।
- कच्छ के रण में इन नदियों का पानी खारा हो जाता है।
- यह क्षेत्र शुष्क जलवायु के लिए जाना जाता है।
- माही नदी व साबरमती खंभात की खाड़ी में गिरती है।

**4. [a]**

**व्याख्या:-**

- राजस्थान की पहली वन नीति का अनुमोदन फरवरी 2010 में हुआ।
- यह नीति वन संरक्षण, वनीकरण, और जैव विविधता संरक्षण को बढ़ावा देती है।
- इसका उद्देश्य राज्य के सीमित वन क्षेत्र को बढ़ाना और मरुस्थलीकरण को रोकना है।
- यह नीति राजस्थान की पर्यावरणीय स्थिरता के लिए आधारभूत है।

**5. [d]**


**व्याख्या:-**

- राजस्थान को 10 कृषि-जलवायु प्रदेशों में विभाजित किया गया है।
- यह विभाजन जलवायु, मिट्टी और वर्षा पर आधारित है।
- प्रत्येक क्षेत्र की कृषि संभावनाएँ अलग हैं।
- यह विभाजन कृषि योजना में सहायक है।

**राजस्थान को कुल 10 कृषि जलवायु प्रदेशों में बांटा गया है।**

**जैसे-**

1. IA- पश्चिमी शुष्क मैदान (Western Arid Plain)
2. IB- उत्तरी पश्चिमी सिंचित मैदान (Northern Western Irrigated Plain)
3. IC- अतिशुष्क एवं आंशिक सिंचित मैदान (Hyper Arid and Partially Irrigated Plain)
4. IIA- शेखावाटी अन्तःप्रवाह मैदान (Shekhawati Inland Drainage Plain)
5. IIB- लूनी अन्तर्वर्ती मैदान (Luni Transitional Plain)
6. IIIA- अर्द्धशुष्क पूर्वी मैदान (Semi-Arid Eastern Plain)
7. IIIB- बाढ़ संभाव्य पूर्वी मैदान (Flood Prone Eastern Plain)
8. IVA- उपार्द्र दक्षिणी मैदान (Sub-Humid Southern Plain)
9. IVB- आर्द्र दक्षिणी मैदान (Humid Southern Plain)
10. V- आर्द्र दक्षिणी पूर्वी मैदान (Humid Southern-Eastern Plain)



**6. [d]**

**व्याख्या:-**

- मगरा, चोकला, जैसलमेरी और मालपुरा राजस्थान की प्रमुख भेड़ की नस्लें हैं।

**राजस्थान में भेड़ की प्रमुख नस्लें-**

**1. मगरा भेड़-**

**उपनाम-** चकरी भेड़, बीकानेरी चोखला।

- राजस्थान में मगरा भेड़ सर्वाधिक बाड़मेर, बीकानेर, जैसलमेर जिलों में पायी जाती है।
- मगरा भेड़ की ऊन से कालीन (चटाई) बनाई जाती है।

**2. मारवाड़ी भेड़-**

**विशेषता-**

- राजस्थान में मारवाड़ी भेड़ सर्वाधिक जैसलमेर, जोधपुर, जयपुर, जालोर, बाड़मेंर, झुन्झुनू, दौसा, सीकर, पाली जिलों में पायी जाती है।
- राजस्थान में सर्वाधिक (50 प्रतिशत) मारवाड़ी नस्ल की भेड़ पायी जाती है।
- सभी भेड़ों में से सर्वाधिक रोग प्रतिरोधक क्षमता मारवाड़ी भेड़ की होती है।

**3. चोकला भेड़-**

**उपनाम-** छापर भेड़, शेखावाटी भेड़

- राजस्थान में चोकला भेड़ सर्वाधिक शेखावाटी, बीकानेर, नागौर, जयपुर में पायी जाती है।
- भारत एवं राजस्थान में चोकला भेड़ की सर्वश्रेष्ठ ऊन मानी जाती है इसीलिए चोकला भेड़ को भारत की मेरीनो भी कहते है।

**4. सोनारी भेड़-**

**उपनाम-** चनोथर भेड़

- राजस्थान में सोनारी भेड़ सर्वाधिक बूंदी, झालावाड़, कोटा, उदयपुर जिलों में पायी जाती है।
- सोनारी भेड़ के कान चरते वक्त जमीन को छुते है।

**5. जैसलमेरी भेड़-**

- राजस्थान में जैसलमेरी भेड़ जैलमेर जिले में पायी जाती है।
- राजस्थान में सर्वाधिक ऊन देने वाली भेड़ जैसलमेरी है।
- राजस्थान में सबसे लम्बी ऊन भी जैलमेरी भेड़ की है।

**6. खेरी भेड़-**

- राजस्थान में खेरी भेड़ सर्वाधिक जोधपुर, नागौर तथा पाली जिलों में पायी जाती है।
- खेरी भेड़ राजस्थान में सफेद ऊन के लिए प्रसिद्ध है।

**7. बागड़ी भेड़-**

- राजस्थान में भागड़ी भेड़ अलवर जिले में पायी जाती है।
- बागड़ी भेड़ का मुंह बिलकुल काला होता है।

**8. मालपुरा भेड़-**

- राजस्थान में मालपुरा भेड़ सर्वाधिक टोंक, सवाई माधोपुर तथा जयपुर जिलों में पायी जाती है।

**9. पूगल भेड़-**

- राजस्थान में पूगल भेड़ सर्वाधिक जैसलमेर, बीकानेर तथा नागौर जिलों में पायी जाती है।

**10. नाली भेड़-**

- यह भेड़ राजस्थान में सर्वाधिक गंगानगर तथा हनुमानगढ़ में पायी जाती है।

**7. [b]**

**व्याख्या:-**

- रोड इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट कंपनी ऑफ राजस्थान (RIDCOR) की स्थापना अक्टूबर 2004 में हुई थी।
- यह राजस्थान सरकार और IL&FS के बीच एक संयुक्त उद्यम है, जिसका उद्देश्य राज्य में सड़क बुनियादी ढांचे का विकास करना है।
- मेगा हाईवे परियोजना के क्रियान्वयन हेतु राज्य सरकार और मैसर्स एंड इंफ्रास्ट्रक्चर लीजिंग को फाइनेंसियल सर्विसेज(आईएलएफएस)के मध्य 50: 50 भागीदारी से एक संयुक्त उपक्रम रोड इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट कारपोरेशन ऑफ़ राजस्थान लिमिटेड की स्थापना की गई थी।
- इसके द्वारा राज्य में जुलाई 2005 से टोल व्यवस्था पर आधारित वित्तीय रूप से सुधार परियोजना का निर्माण किया जा रहा है।

**8. [a]**

**व्याख्या:-**

- 2011 की जनगणना के अनुसार, राजस्थान में साक्षरता दर के मामले में **कोटा** जिला सबसे आगे था, जहाँ साक्षरता दर **76.6%** थी, जबकि **जालौर** जिला सबसे पीछे था, जहाँ साक्षरता दर **54.9%** थी।
- कोटा की उच्च साक्षरता शिक्षा के बुनियादी ढांचे और शहरीकरण के कारण है, जबकि जालौर में ग्रामीण और सामाजिक-आर्थिक चुनौतियाँ साक्षरता को प्रभावित करती हैं।

**राजस्थान में सर्वाधिक व न्यूनतम साक्षरता दर वाले जिले**

| क्र.सं. | सर्वाधिक | साक्षरता दर | न्यूनतम | साक्षरता दर |
|---|---|---|---|---|
| 1 | कोटा | 76.6 % | जालौर | 54.9 % |
| 2 | जयपुर | 75.5 % | सिरोही | 55.3 % |
| 3 | झुंझुनूं | 74.1 % | प्रतापगढ़ | 56.0 % |
| 4 | सीकर | 71.9 % | बांसवाड़ा | 56.3 % |

**9. [d]**

**व्याख्या:-**

- देशनोक करणी माता मंदिर, राजस्थान राज्य अभिलेखागार(Rajsthan state Archives) और लालगढ़ पैलेस और म्यूजियम **बीकानेर जिले** में स्थित हैं।
- देशनोक का करणी माता मंदिर अपनी अनूठी चूहों की पूजा(rat worship) के लिए प्रसिद्ध है, लालगढ़ पैलेस ऐतिहासिक महल है और अभिलेखागार ऐतिहासिक दस्तावेजों का केंद्र है।
- वहीं**, पिछोला झील उदयपुर जिले** में स्थित है, जो उदयपुर की प्रमुख पर्यटन आकर्षणों(Tourist Attractions) में से एक है।

**10. [d]**

**व्याख्या:-**

- सर्वप्रथम इसकी खोज **वर्ष 1952** में भारतीय पुरातत्त्व सर्वेक्षण (ASI) के निदेशक **'अमलानंद घोष'** द्वारा सिंधु घाटी सभ्यता के स्थल के रूप में की गई थी।
- कालीबंगा देश का **तीसरा सबसे बड़ा पुरातात्विक स्थल** है।

**नोट-** देश के दो बड़े पुरातात्विक स्थलों में राखीगढ़ी (हरियाणा) एवं धौलावीरा (गुजरात) है।
- कालीबंगा को '**दीन-हीन बस्ती**' भी कहा जाता है।
- कालीबंगा में **मातृसत्तात्मक परिवार** की व्यवस्था विद्यमान थी।
- **पाकिस्तान के कोटदीजी** नामक स्थान पर प्राप्त पुरातात्विक अवशेष कालीबंगा के अवशेषों से काफी मिलते-जुलते हैं।

**11. [d]**

**व्याख्या:-**
- आहड़ **उदयपुर नगर/मेवाड़ क्षेत्र** के पूर्व में बहने वाली **आयड़/बेड़च नदी के तट** पर स्थित एक पुरातात्विक स्थल है, जिसका विकास **बनास नदी घाटी** में माना जाता है।
- आहड़ **ताम्रयुगीन सभ्यता** है, जो लगभग **4000 वर्ष पूर्व** की सभ्यता मानी जाती है।
- इसे प्राचीनकाल में **ताम्रवती नगरी भी** कहा जाता था। वर्तमान में इसका नाम **धूलकोट (मिट्टी का टीला)** है।
- डॉ. सांकलिया ने इसे **'आहड़ या बनास संस्कृति'** कहा है।
- आहड़ एक **ग्रामीण सभ्यता** थी।

**12. [d]**

**व्याख्या:-**
- 750-1000 ईस्वी के दौरान, राजस्थान और अधिकांश उत्तरी भारत पर प्रतिहार वंश ने शासन किया था।
- राजस्थान के दक्षिण-पश्चिम में **गुर्जरात्रा प्रदेश** में प्रतिहार वंश की स्थापना हुई।
- प्रतिहार शब्द का अर्थ **'द्वारपाल'** है, क्योंकि प्रतिहारों ने अरब आक्रमणकारियों से भारत की रक्षा की।
- अतः इनकी तुलना मौर्य व गुप्त राजाओं से भी की जा सकती है।
- प्रतिहार स्वयं को **लक्ष्मण के वंशज सूर्यवंशी/रघुवंशी** मानते हैं क्योंकि लक्ष्मण राम के प्रतिहार (द्वारपाल) थे, अतः यह वंश प्रतिहार कहलाया।
- गुर्जर-प्रतिहारों ने लगभग 200 सालों तक अरब आक्रमणकारियों का प्रतिरोध किया।
- **डॉ. आर सी. मजूमदार** के अनुसार गुर्जर-प्रतिहारों ने छठी से 11वीं शताब्दी तक अरब आक्रमणकारियों के लिए बाधक का कार्य किया।
- उत्तर-पश्चिम भारत में गुर्जर-प्रतिहार वंश का शासन छठी से बारहवीं सदी तक रहा था।
- बादामी के चालुक्य नरेश **'पुलकेशिन-द्वितीय' के 'एहोल अभिलेख'** में गुर्जर जाति का उल्लेख सर्वप्रथम हुआ है।
- **चंदेल वंश के शिलालेख** में गुर्जर-प्रतिहार शब्द का उल्लेख मिलता है।
- छठी शताब्दी के द्वितीय चरण में उत्तर-पश्चिम भारत में एक नए राजवंश की स्थापना हुई, जो 'गुर्जर-प्रतिहार वंश' कहलाया।
- **नीलकुंड, राधनपुर, देवली तथा करडाह शिलालेख** में प्रतिहारों को गुर्जर कहा गया है।
- **स्कन्द पुराण के पंच द्रविड़ों** में गुर्जरों का उल्लेख मिलता है।
- अरब यात्रियों ने इन्हें **'जुर्ज'** कहा है। **अलमसूदी** ने **गुर्जर-प्रतिहार को 'अल गुर्जर' और राजा को 'बोरा'** कहा है।
- मिहिरभोज के **ग्वालियर अभिलेख** में नागभट्ट को राम का प्रतिहार एवं विशुद्ध क्षत्रिय कहा है।

**13. [b]**

**व्याख्या:-**

**अलाउद्दीन खिलजी का आक्रमण-**

**आक्रमण के कारण-**

(i) हम्मीर देव चौहान ने अलाउद्दीन खिलजी के विद्रोही मंगोल सेनानायक मुहम्मदशाह तथा केहब्रू को शरण दी थी।

(ii) अलाउद्दीन की साम्राज्यवादी नीति।

(iii) रणथम्भौर दुर्ग का सामरिक महत्त्व।

(iv) रणथम्भौर दुर्ग का दिल्ली से मालवा व गुजरात जाने वाले व्यापारिक मार्ग पर स्थित होना।

- हम्मीर देव ने अपने **दो सेनापति भीमसिंह और धर्मसिंह** को इनके विरुद्ध भेजा जिन्होंने अलाउद्दीन खिलजी के अभियान को असफल कर दिया, लेकिन हम्मीर की लौटती सेना पर अलाउद्दीन की सेना ने आक्रमण कर दिया, जहाँ **भीमसिंह वीरगति को प्राप्त** हो गए थे।
- अलाउद्दीन खिलजी ने अपने **दो सेनापति उलुग खाँ और नुसरत खाँ** को रणथम्भौर दुर्ग पर आक्रमण करने के लिए भेजा जिसमें **नुसरत खाँ** मारा गया था।

**14. [d]**

**व्याख्या:-**

**राणा सांगा व बाबर के बीच संघर्ष-**

**संघर्ष के प्रमुख कारण-**

**(i) महत्त्वाकांक्षाओं का टकराव-** बाबर और सांगा दोनों ही महत्त्वाकांक्षी शासक थे। पानीपत युद्ध की विजय के बाद बाबर ने सम्पूर्ण भारत पर आधिपत्य स्थापित करने की योजना बनाई, जो राणा सांगा को पराजित किए बिना संभव नहीं था। इस कारण संघर्ष अपरिहार्य हो गया।

**(ii) बाबर द्वारा सांगा पर वचन भंग का आरोप-** बाबरनामा के अनुसार राणा सांगा ने इब्राहिम लोदी के विरुद्ध अभियान में बाबर की सहायता करने का वचन दिया था, लेकिन उसे पूरा नहीं किया। इस वचन भंग ने दोनों के बीच अविश्वास की खाई पैदा कर दी।

**(iii) अफगान-राजपूत मैत्री-** राणा सांगा ने हसन खां मेवाती और इब्राहिम लोदी के भाई महमूद लोदी को शरण दी, जिससे बाबर को खतरा महसूस हुआ। यह मैत्री बाबर के लिए एक बड़ी चुनौती बन गई।

**(iv) सांगा द्वारा सल्तनत के क्षेत्रों पर अधिकार करना-** राणा सांगा द्वारा धौलपुर, खंडार दुर्ग व आस-पास के 200 सल्तनतकालीन गांवों पर अधिकार करना।

**बयाना का युद्ध (16 फरवरी, 1527, भरतपुर)**

- **फरवरी, 1527** में राणा सांगा ने **बयाना दुर्ग पर आक्रमण** किया और **16 फरवरी** को बाबर की सेना को परास्त करते हुए **दुर्ग पर कब्जा** कर लिया।
- इस अभियान में बाबर की ओर से **मेंहदी ख्वाजा** बयाना दुर्ग के रक्षक के रूप में तैनात थे।

**15. [a]**

**व्याख्या:-**
- राव चन्द्रसेन को **मुहणोत नैणसी** ने **'मारवाड़ का भूला बिसरा राजा'** कहा है।
- राव चन्द्रसेन को **'मारवाड़ का प्रताप** व **प्रताप का पथप्रदर्शक'** कहा जाता है।

**16. [c]**

**व्याख्या:-**

**राजस्थान से संबंधित प्रमुख तथ्य -**

- **एजेंट टू गवर्नर जनरल (ए.जी.जी.)-** राजस्थान का प्रथम एजेंट टू गवर्नर जनरल (ए.जी.जी.) – **अब्राहम लॉकेट**
- 1857 की क्रांति के समय एजेंट टू गवर्नर जनरल (ए.जी.जी.) - **जॉर्ज पैट्रिक लॉरेंस**
- ए. जी. जी. का मुख्यालय - **अजमेर**
- **राजस्थान में 1857 की क्रांति की शुरुआत** - 28 मई, 1857 को नसीराबाद छावनी से।
- **राजस्थान में लॉर्ड डलहौजी की हड़प नीति द्वारा अधिगृहीत गया प्रथम क्षेत्र –** ब्यावर।
- राजस्थान में लॉर्ड डलहौजी की हड़प नीति द्वारा अधिगृहीत की गई प्रथम रियासत - उदयपुर।

**17. [b]**

**व्याख्या:-**

- **मानगढ़ हत्याकांड- 17 नवम्बर, 1913** में सम्प सभा के **वार्षिक अधिवेशन**, जो मानगढ़ पहाड़ी (बांसवाड़ा-गुजरात सीमा) पर हुआ था, में ब्रिटिश सेना ने घेरकर गोलियाँ चलायी जिसमें 1500 भील मारे गये। गोविन्द गिरि और उनके साथी पुन्जीया को भी बंदी बना लिया गया।
- भील आन्दोलन कुचल दिया गया, किन्तु गोविन्द गिरि की लोकप्रियता को देखते हुए उनकी आजीवन कारावास की सजा को दस वर्ष में बदल दिया गया और सात वर्ष बाद रिहा कर दिया गया, बशर्ते वे सूथ, डूंगरपुर, बांसवाड़ा, कुशलगढ़ और ईडर राज्यों में प्रवेश नहीं करेंगे। उन्हें पंचमहल जिले के झालोद गांव में रहने की अनुमति दी गई, जहाँ वे भीलों को आध्यात्मिक शिक्षा देते रहे।
- मानगढ़ पहाड़ी पर हर वर्ष **आश्विन शुक्ल पूर्णिमा** को मेला भरता है।

**18. [b]**

**व्याख्या:-**

- क्षेत्रफल की दृष्टि से सबसे बड़ा ठिकाना - **कुशलगढ़**
- क्षेत्रफल की दृष्टि से सबसे छोटा ठिकाना - **लावा**
- राजस्थान में एकीकरण के समय एकमात्र केन्द्रशासित प्रदेश **'अजमेर-मेरवाड़ा'** था।
- राजस्थान की प्राचीनतम रियासत - **मेवाड़/उदयपुर**
- राजस्थान की नवीनतम रियासत - **झालावाड़**
- राजस्थान में सर्वाधिक जनसंख्या वाली रियासत – **जयपुर**
- राजस्थान में सबसे कम जनसंख्या वाली रियासत – **शाहपुरा**
- सर्वाधिक क्षेत्रफल वाली रियासत - **मारवाड़/जोधपुर**

**19. [c]**

**व्याख्या:-**

- फरवरी 1883 में स्वामी दयानंद सरस्वती ने राजस्थान के उदयपुर में परोपकारिणी सभा की स्थापना की। कुछ समय बाद इस सभा का मुख्यालय अजमेर स्थानांतरित कर दिया गया।
- स्वामी दयानंद सरस्वती ने 1883 में उदयपुर में परोपकारिणी सभा की स्थापना की थी।
- इस सभा के अध्यक्ष के रूप में महाराणा सज्जनसिंह को नियुक्त किया गया था।

**आर्य समाज का योगदान-**

- **स्वामी दयानंद सरस्वती ने** 1875 में 'आर्य समाज' की स्थापना की, जिसका उद्देश्य सामाजिक बुराइयों को समाप्त कर वेदों की शिक्षाओं के आधार पर समाज का पुनर्निर्माण करना था।
- उन्होंने 'वेदों की ओर लौटो' (Back to the Vedas) का नारा दिया।
- आर्य समाज की शाखाओं ने राजस्थान में स्वतंत्रता और राष्ट्रीय चेतना को फैलाने में महत्त्वपूर्ण योगदान दिया। **स्वामी दयानंद सरस्वती और स्वामी विवेकानंद** जैसी महान विभूतियों ने राजनीतिक जागरूकता को बढ़ावा दिया।

**20. [b]**

**व्याख्या:-**

**जेन्टलमैन एग्रीमेंट (17 सितम्बर, 1942):**

- जयपुर के **प्रधानमंत्री मिर्जा इस्माइल और हीरालाल शास्त्री** के मध्य समझौते को 'जेन्टलमैन एग्रीमेंट' कहा जाता है।

**समझौते के मुख्य बिंदु-**

1. राज्य सरकार युद्ध के लिए जन-धन की सहायता नहीं देगी।
2. प्रजामण्डल को शांतिपूर्वक युद्ध-विरोधी अभियान चलाने की स्वतन्त्रता होगी।
3. ब्रिटिश प्रान्तों से आने वाले किसी आंदोलनकारी को रोका नहीं जाएगा।
4. राज्य शीघ्र उत्तरदायी शासन की कार्रवाई करेगा।
5. प्रजामण्डल महाराजा के विरुद्ध किसी प्रकार की सीधी कार्रवाई नहीं करेगा।

**21. [c]**

**व्याख्या:-**

- **तेजाजी का** जन्म - 1073 ई., माघ शुक्ला चतुदर्शी को खरनाल **(नागौर)** में नागवंशीय जाट में हुआ।
- **गोगाजी चौहान का जन्म -** वि. सं. 1003 को ददरेवा (चूरू) में में हुआ।
- तल्लीनाथ जी का जन्म जोधपुर में हुआ था, जालौर जिले के एक प्रमुख लोक देवता हैं। उनका मुख्य मंदिर पंचोटा गांव में पंचमुखी पहाड़ी पर स्थित है।
- **पाबूजी राठौड़ का जन्म -** 1239 ई. में कोलुमण्ड गाँव (फलोदी) में हुआ था। [पहले फलोदी जोधपुर में था।]

**22. [c]**

**व्याख्या:-**

- चौपड़ा - संत मावजी की वाणियाँ 'चौपड़ा' कहलाती है। इसकी भाषा वागड़ी है, इसमें भगवान श्रीकृष्ण की लीलाएँ वर्णित हैं। चौपड़े दीपावली के दिन ही बाहर निकाले जाते हैं एवं मकर संक्रांति को इनका वाचन होता है।
- इस पुस्तक में तीसरे विश्व युद्ध की भविष्यवाणी है।

**23. [a]**

**व्याख्या:-**

- सही उत्तर जयगढ़ किला है।
- बड़ी पानी की टंकी (टंका), तोप संरचना स्थल और गुप्त सुरंगों को देखने के लिए एक पर्यटक को जयगढ़ किले में जाना चाहिए।
- किला बलुआ पत्थर से बना है।
- किले में विशाल युद्ध हैं और भूमिगत मार्ग के माध्यम से आमेर किले से जुड़ा हुआ है।
- किले में पहियों पर चलने वाली दुनिया की सबसे बड़ी तोप है जिसे जयवाना तोप कहा जाता है।
- जयगढ़ किले में एक बड़ी पानी की टंकी (टंका) है जिसमें लगभग 6 मिलियन गैलन पानी जमा होता है।
- बड़ी पानी की टंकी (टंका) भी वर्षा जल संचयन सुविधा से सुसज्जित है।

**24. [b]**

**व्याख्या:-**

- **साहिबदीन** नामक चित्रकार को मेवाड़ के **महाराणा जगतसिंह प्रथम** का संरक्षण प्राप्त था।

**महाराणा जगतसिंह प्रथम (1628-1652 ई.) का काल -**

- महाराणा जगतसिंह प्रथम का काल **मेवाड़ चित्रशैली का स्वर्णकाल** माना जाता है।
- चित्रकारों के प्रशिक्षण हेतु **जगतसिंह प्रथम** ने कला विद्यालयों की स्थापना की जिसे **"चितेरों की ओवरी"** एवं **"तस्वीरों रो कारखानों"** कहा जाता।
- इनके काल के प्रमुख चित्रकार **मनोहर एवं साहिबद्दीन** थे। **साहिबद्दीन** ने 1655 ई. में **'शूकर क्षेत्र महात्मय'** एवं **'भ्रमरगीत' जै**से चित्रों की रचना की थी।
- साहिबद्दीन ने राजा-महाराजाओं के चित्र बनाए थे।

**25. [c]**

**व्याख्या:-**

- **रामदेव पशु मेला**
- राजस्थान के नागौर ज़िले में लगता है।
- **चन्द्रभागा पशुमेला**-
- कार्तिक पूर्णिमा के दिन राजस्थान के झालावाड़ जिले के झालरापाटन में चन्द्रभागा मेला लगता है।
- समय- कार्तिक शुक्ल एकादशी से मार्गशीर्ष कृष्ण पंचमी तक (नवम्बर)
- मेला चन्द्रभागा नदी के किनारे भरता है।
- **गोगामेड़ी पशु मेला**
- स्थान- हनुमानगढ़
- समय- श्रावण पूर्णिमा से भाद्रपद पूर्णिमा तक
- **शिवरात्रि पशुमेला**
- करौली जिले में लगता है।
- समय- फाल्गुन कृष्ण त्रयोदशी से (मार्च)

**26. [b]**

**व्याख्या:-**

- बोर **सिर का आभूषण** है।
- **टिडी-भळकौ - स्त्रियों के ललाट का आभूषण।**
- **टिकी -** टिकी स्त्रियों के ललाट का आभूषण। इसे ललाट के मध्य पाया जाता है। आकार में छोटी होते हुए भी यह सौन्दर्य को जाने में विशेष महत्त्व रखती है। इसे बिन्दी भी कहते हैं।
- **नथ - स्त्रियों की नाक में पहने जाना वाला आभूषण।**
- **चूँप -** ऊपर के दाँतों में छेदकर सोना जड़ना।
- **गळपटियौ** - स्त्रियों के कंठ का आभूषण।
- **कड़ला -** स्त्रियों के पाँव का चाँदी का मोटा कड़ा।

**27. [a]**

**व्याख्या:-**

**घूमर नृत्य**

- घूमर, **राजस्थान का राज्य नृत्य** है।
- पुरुष रस प्रधान  नृत्य है।
- यह विशुद्ध स्त्री नृत्य है।
- घूमर को राजस्थान में **'नृत्यों का सिरमौर', 'राजस्थान के नृत्यों की आत्मा', रजवाडी नृत्य** कहा जाता है।
- महिलाओं के द्वारा तीज, गणगौर इत्यादि त्योहारों तथा शुभ अवसरों पर घूमर नृत्य किया जाता है।
- गोल घेरे में महिलाएँ अपनी ही धुरी पर घुमती हुई नृत्य करती है।
- इस नृत्य में विशिष्ट प्रकार का घाघरा पहना जाता है। यह घाघरा कई कलियों का (**80** कलियों तक) होता है। इसकी हर कली घेर लिए होती है।
- प्रसिद्ध गीत : - 'अस्सी कली रो घाघरो, कली-कली में घेर।'
- घूमर नृत्य में हाथों का लचकदार संचालन होता है।
- घूमर नृत्य में 8 चरण होते हैं, जिन्हें **सवाई** कहा जाता है।
- घूमर नृत्य एक रजवाड़ी लोक नृत्य है।
- वाद्य यंत्र- घूमर नृत्य करते समय ढोल, नगाड़ा और शहनाई वाद्य यंत्रों का प्रयोग किया जाता है।
- **इस गीत के बोल -**
- "म्हारी घूमर छै नखराली ऐ माय।
  घूमर रमवा म्है जास्यां ओ रजरी" ।।
- यह सामन्तशाही नृत्य है।
- 1986 में गणगौर घूमर एकादमी की स्थापना संतरामपुर में की गई। मुख्यालय अजमेर को बनाया गया।
- यह नृत्य सर्वप्रथम भील जनजाति द्वारा किया गया है।
- इसकी उत्पत्ति मध्य एशिया के भृंग नृत्य से मानी गई है।

**28. [b]**

**व्याख्या:-**

- **राव जैतसी रो छंद**
- 13वीं सदी में बीठू सूजा द्वारा डिंगल भाषा में रचित नामक ग्रंथ है।
- **सूरज प्रकाश**
- कवि करणीदान ने इस ग्रंथ की रचना जोधपुर शासक अभयसिंह राठौड़ के समय की।
- सूरज प्रकाश ग्रंथ में अभयसिंह के समय के युद्धों का सजीव वर्णन मिलता है।

- **रूपक**
- किसी वंश या व्यक्ति की उपलब्धियों को स्वरूप में दर्शाने वाली काव्य कृति।
- **प्रमुख रचनाएँ-** राजरूपक, गजगुणरूपक।
- **गजगुणरूपक**
- केशवदास द्वारा रचित इस ग्रंथ से जोधपुर शासक गजसिंह-प्रथम के बारे में जानकारी प्राप्त होती है।
- **राजरूपक**
- राजरूपक एक प्रसिद्ध ऐतिहासिक काव्य रचना है, जिसे डिंगल भाषा में कवि वीरभान द्वारा रचा गया था।
- इसमें वर्ष 1787 में जोधपुर के राजा अभयसिंह और गुजरात के मुगल सूबेदार सरबुलंद खान के बीच लड़े गए युद्ध का वर्णन है।
- **गुण भाषा**
- **यह हेम कवि** द्वारा लिखी गई थी।

**29. [d]**

**व्याख्या:-**

- **हवामहल (जयपुर)**
- जयपुर में **5 मंजिला** हवामहल का निर्माण **सवाई प्रतापसिंह** ने 1799 ई. में करवाया।
- 88 फीट ऊँचे इस महल में **953 खिड़कियाँ व 365 जाली झरोखे** हैं।
- **आकार -** श्रीकृष्ण के मुकुट के समान या पिरामिडनुमा।
- यह महल **राधा-कृष्ण** को समर्पित है।
- हवामहल का **वास्तुकार उस्ताद लालचन्द** है।
- **आनन्द पोल -** हवामहल का प्रवेश द्वार।
- इसका निर्माण **बलुआ पत्थर व चूने** से किया गया।
- **एडविन आर्नोल्ड** ने लिखा कि अलादीन का जिन भी इससे अधिक सुन्दर महल का सर्जन नहीं कर सकता।
- **पाँच मंजिला -**
- i. शरद या **प्रताप** मंदिर (सबसे निचली)
  ii. रतन मंदिर
  iii. विचित्र मंदिर
  iv. प्रकाश मंदिर
  v. हवा मंदिर (सबसे ऊपरी)
- हवा महल को **वर्ष 1968 में संरक्षित स्मारक** घोषित किया गया।

**30. [b]**

**व्याख्या:-**

- **अनुच्छेद 159 - राज्यपाल की शपथ / प्रतिज्ञान**
- राज्यपाल पद ग्रहण करने से पूर्व शपथ (या प्रतिज्ञान) लेता है।
- यह शपथ अनुच्छेद 159 के तहत ली जाती है।
- राज्यपाल को शपथ राज्य के उच्च न्यायालय (High Court) के मुख्य न्यायाधीश द्वारा दिलाई जाती है।
- यदि मुख्य न्यायाधीश अनुपस्थित हों, तो शपथ वरिष्ठतम न्यायाधीश द्वारा दिलाई जाती है।
- राज्यपाल की शपथ का प्रारूप (Format) संविधान की अनुसूची-3 (Third Schedule) में उल्लिखित नहीं है।

**31. [c]**

**व्याख्या:-**

- राजस्थान के वे राज्यपाल जिनका कार्यकाल के दौरान निधन हुआ-
- **दरबारा सिंह**
- श्री दरबारा सिंह (कार्यकाल के दौरान निधन)
- 01 मई, 1998 से 23 मई, 1998 तक
- **निर्मल चंद जैन**
- श्री निर्मलचन्द जैन (कार्यकाल के दौरान निधन)
- 14 मई, 2003 से 22 सितंबर, 2003 तक
- **शैलेन्द्र कुमार सिंह**
- श्री शैलेन्द्र कुमार सिंह (कार्यकाल के दौरान निधन) (कार्यवाहक)
- 06 सितंबर, 2007 से 09 जुलाई, 2009 तक
- 23 जुलाई, 2009 से 01 दिसंबर, 2009 तक
- **श्रीमति प्रभा राव**
- 3-12-2009 से 24-01-2010 तक (अतिरिक्त प्रभार),
- 25-01-2010 से 26-04-2010 तक (कार्यवाहक)
- पद पर रहते हुये मृत्यु (26-04-2010) हुई थीं।
- यह तत्कालीन हिमाचल प्रदेश की राज्यपाल थीं इन्हें राजस्थान के राज्यपाल का अतिरिक्त प्रभार दिया गया था।

**32. [a]**

**व्याख्या:-**

**मुख्यमंत्री पद के लिए आवश्यक योग्यताएँ –**

- मुख्यमंत्री बनने के लिए वही योग्यता होनी चाहिए जो किसी मंत्री के लिए आवश्यक होती है।
- उम्मीदवार की **न्यूनतम आयु 25 वर्ष** होनी चाहिए।
- वह व्यक्ति राज्य विधानमंडल के किसी भी एक सदन (विधानसभा या विधानपरिषद्) का सदस्य होना चाहिए।
- यदि कोई व्यक्ति मुख्यमंत्री नियुक्त होता है, लेकिन वह उस समय विधानमंडल का सदस्य नहीं है, तो उसे 6 महीने के भीतर किसी एक सदन की सदस्यता प्राप्त करनी होती है। ऐसा नहीं करने पर उसे पद से इस्तीफा देना पड़ता है।
- आमतौर पर मुख्यमंत्री विधानसभा (निचला सदन) का सदस्य होता है।
- यदि किसी राज्य में द्विसदनात्मक विधानमंडल (दो सदनों वाला) व्यवस्था है, तो विधानपरिषद् (उच्च सदन) का सदस्य भी मुख्यमंत्री बन सकता है।

**33. [a]**

**व्याख्या:-**

- फरवरी 1985 में राजस्थान के भरतपुर जिले के डीग कस्बे में एक दुर्भाग्यपूर्ण गोलीकांड हुआ, जिसमें पुलिस फायरिंग के कारण कई लोगों (भरतपुर महाराजा मानसिंह की मृत्यु ) की जान गई।
- इस घटना से प्रदेशभर में जन आक्रोश फैल गया और भारी विरोध प्रदर्शन हुए।
- परिणामस्वरूप, **उस समय के मुख्यमंत्री श्री शिवचरण माथुर** ने 23 फरवरी, 1985 को अपने पद से इस्तीफा दे दिया।

**34. [b]**

**व्याख्या:-**

- दो या अधिक राज्यों के लिए **संयुक्त लोक सेवा आयोग (JPSC) के अध्यक्ष एवं सदस्यों नियुक्ति राष्ट्रपति द्वारा** की जाती है।

**35. [d]**

**व्याख्या:-**

- **राज्य सचिवालय की प्रशासनिक संरचना**
- **सोपानीय क्रम उच्चतर से निम्नतर**
- मुख्य सचिव
- अतिरिक्त मुख्य सचिव
- प्रधान सचिव
- विशिष्ट सचिव (यह पद सामान्यतः होता नहीं)
- संयुक्त सचिव
- उप सचिव

**36. [c]**

**व्याख्या:-**

- मानव अधिकार संरक्षण (संशोधन) अधिनियम, 2006 के प्रावधानानुसार आयोग में एक अध्यक्ष एवं 2 सदस्य हैं।
- वर्तमान में आयोग के माननीय अध्यक्ष और माननीय सदस्यों का विवरण इस प्रकार है -
  1. न्यायमूर्ति श्री गंगा राम मूलचंदानी, माननीय अध्यक्ष
  2. न्यायमूर्ति श्री राम चंद्र सिंह झाला, माननीय सदस्य
  3. न्यायमूर्ति श्री अशोक कुमार गुप्ता, माननीय सदस्य

**37. [b]**

**व्याख्या:-**

**पंचायतों का कार्यकाल- अनुच्छेद 243-E**

- पंचायतों का कार्यकाल उनकी **प्रथम बैठक की तिथि से प्रारंभ होकर 5 वर्ष का होता** है।
- यदि किसी कारणवश पंचायत का विघटन कार्यकाल पूरा होने से पहले हो जाए, तो **6 माह के भीतर पुनः चुनाव** कराना अनिवार्य होता है।
- ऐसे चुनाव केवल **बचे हुए कार्यकाल** के लिए कराए जाते हैं।
- लेकिन, यदि पंचायत का शेष कार्यकाल 6 महीने से कम हो, तो फिर होने वाले चुनाव पूरे 5 वर्षों के लिए कराए जाते हैं।

**38. [d]**

**व्याख्या:-**

**लक्ष्मीमल सिंघवी समिति (1986)**

- राजीव गांधी सरकार द्वारा लोकतंत्र व विकास के लिए पंचायतों के पुनरुद्धार के संबद्ध में सलाह देने के लिए सिंघवी समिति का गठन किया गया।
- इस समिति ने पंचायतों को संवैधानिक दर्जा देने, न्याय पंचायतों का गठन करने तथा गांवों का पुनर्गठन करने का सुझाव दिया।
- इस समिति ने ग्राम सभा को प्रत्यक्ष लोकतंत्र का प्रतीक कहा।

**39. [c]**

**व्याख्या:-**

**छठी विधानसभा (1977-80)**

- छठी विधानसभा के चुनाव से पूर्व विधानसभा क्षेत्रों का परिसीमन किया गया तथा इनकी संख्या **184 से बढ़ाकर 200** कर दी गई।
- चुनाव में जनता पार्टी ने 199 सीटों पर अपने प्रत्याशी खड़े किए जिन्होंने 150 सीटों पर विजय प्राप्त की। **22 जून, 1977 को भैरोंसिंह शेखावत** ने राज्य में **प्रथम गैर-कांग्रेसी मुख्यमंत्री** के रूप में शपथ ली।
- मुख्यमंत्री की शपथ से पूर्व भैरोंसिंह शेखावत मध्य प्रदेश राज्य से राज्यसभा सांसद थे।
- जनवरी, 1980 में लोकसभा चुनावों के पश्चात् केन्द्र में सत्तारूढ़ कांग्रेस सरकार ने निर्देश पर राज्यपाल रघुकुल तिलक ने 17 फरवरी, 1980 को शेखावत की सरकार को बर्खास्त करके राज्य में **तीसरी बार राष्ट्रपति शासन** लागू कर दिया।

**40. [a]**

**व्याख्या:-**

- राजस्थान **विधानसभा को विघटित करने का अधिकार राज्यपाल** को है।

**विघटन**

- विधान परिषद् स्थायी सदन होने के कारण इसका विघटन नहीं किया जा सकता, जबकि विधानसभा अस्थायी सदन होने के कारण विघटित हो सकती है।
- विधानसभा को दो तरीको से विघटित किया जा सकता है–
- **स्वयं विघटन** - विधानसभा का 5 वर्ष का कार्यकाल पूर्ण होने पर सदन में बहुमत न होने की स्थिति में **राज्यपाल विधानसभा विघटन** का निर्णय ले ले।
- विधानसभा के विघटन होने की स्थिति में इसके संपूर्ण कार्य जैसे – विधेयक, प्रस्ताव संकल्प नोटिस, याचिका आदि समाप्त हो जाते हैं जो नवगठित विधानसभा द्वारा पुन: लाना आवश्यक है, जबकि विधान परिषद् के द्वारा पारित विधेयक या प्रस्ताव विधानसभा के भंग होने की स्थिति में समाप्त नहीं होते हैं।

**41. [d]**

**व्याख्या:-**

- म्यांमार की सीमा के सहारे भारत के राज्यों का उत्तर से दक्षिण का क्रम है- अरुणाचल प्रदेश, नागालैण्ड, मणिपुर, मिज़ोरम।
- भारत व म्यांमार के मध्य अंतर्राष्ट्रीय सीमा की लंबाई 1,643 किमी. है।
- अराकानयोमा एक नवीन वलित पर्वत है, जो भारत को म्यांमार से अलग करता है।

**42. [a]**

**व्याख्या:-**

- मानसून भारतीय प्रायद्वीप के दक्षिणी छोर से प्रवेश करता है। इसके बाद यह दो भागों में बँट जाता है- अरब सागर शाखा एवं बंगाल की खाड़ी शाखा।
- अरब सागर शाखा एवं बंगाल की खाड़ी शाखा दोनों गंगा के मैदान के उत्तर-पश्चिमी भाग में आपस में मिल जाती हैं।

**43. [c]**

**व्याख्या:-**
- सबसे पहले 1818 ई. में फोर्ट ग्लास्टर में, जो कोलकाता के निकट है, सूती वस्त्रोद्योग की स्थापना हुई थी जो असफल रही।
- पहला सफल प्रयास 1854ई. में मुम्बई में सी.एन.देवधर (डाबर) द्वारा किया गया।
- भारत का कॉटनोपोलिस - मुंबई
- भारत का मैनचेस्टर - अहमदाबाद
- पूर्व का बोस्टन - अहमदाबाद
- दक्षिण भारत का मैनचेस्टर - कोयम्बटूर
- उत्तर भारत का मैनचेस्टर - कानुपर

**44. [c]**

**व्याख्या:-**
- जलसंधियों का उत्तर से दक्षिण की ओर सही क्रम होगा – सुगारू जलसंधि, मलक्का जलसंधि, सुण्डा जलसंधि, बास जलसंधि।
- सुगारु जलसंधि जापान सागर को उत्तरी प्रशांत महासागर से जोड़ती है।
- मलक्का जलसंधि बंगाल की खाड़ी को दक्षिण चीन सागर से जोड़ती है।
- सुण्डा जलसंधि दक्षिण चीन सागर को हिंद महासागर से जोड़ती है।
- बास जलसंधि तस्मान सागर को दक्षिणी ऑस्ट्रेलियाई महासागर से जोड़ती है

**45. [a]**

**व्याख्या:-**
- ओजोन परत क्षरण हेतु क्लोरोफ्लोरो कार्बन गैस उत्तरदायी होती है। ओजोन परत में छेद होने का प्रमुख कारक क्लोरीन है।
- इसकी उत्पत्ति क्लोरोफ्लोरो कार्बन (CFC), हाइड्रोफ्लोरो कार्बन (HFC), हैलोजेन्स, कार्बन टेट्राक्लोरीन, मिथाइल क्लोरोफार्म व मिथाइल ब्रोमाइड जैसे रसायनों से होती है।
- रेफ्रिजरेशन, एयरकंडीशनिंग, स्कैनर, प्लास्टिक आदि ने ओजोन परत को नष्ट करने में भूमिका निभाई है, क्योंकि इनसे उत्सर्जित होने वाले रसायनों में इनकी बड़ी मात्रा होती है।

**46. [c]**

**व्याख्या:-**
- उत्तर प्रदेश भारत के सीमान्त प्रदेशों में से एक है।
- इसके उत्तर में हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड एवं नेपाल, दक्षिण में मध्य प्रदेश एवं छत्तीसगढ़, पूर्व में बिहार एवं झारखण्ड तथा पश्चिम में हरियाणा, दिल्ली तथा राजस्थान स्थित है।
- पंजाब उत्तर प्रदेश की सीमा को स्पर्श नहीं करता है।

**47. [c]**

**व्याख्या:-**
- सिंधु नदी का उद्गम तिब्बती क्षेत्र में कैलाश पर्वत श्रेणी में बोखर चू (Bokhar chu) के निकट एक हिमनद (31°15' और 80°40' पू.) से होता है, जो 4,164 मीटर की ऊँचाई पर स्थित है।
- सतलज नदी तिब्बत में 4,555 मीटर की ऊँचाई पर मानसरोवर के निकट राक्षस ताल से निकलती है, जहाँ इसे लॉगचेन खंबाब के नाम से जाना जाता है।
- झेलम नदी सिंधु की महत्त्वपूर्ण सहायक नदी है, जो कश्मीर घाटी के दक्षिण-पूर्वी भाग में पीर पंजाल गिरिपद में स्थित वेरीनाग झील के निकट शेषनाग झरने से निकलती है।
- रावी नदी हिमाचल प्रदेश की कुल्लू पहाड़ियों में रोहतांग दर्रे के पश्चिम से निकलती है।

**48. [c]**

**व्याख्या:-**
- पृथ्वी के जीवन अस्तित्व को सबसे बड़ा खतरा विकिरण के कारण है।
- रेडियोएक्टिव पदार्थों के विकिरण से जनित प्रदूषण, रेडियोधर्मी प्रदूषण कहलाता है। इन पदार्थों से स्वत: रेडियोधर्मी विकिरण निकलता रहता है। जैसे – थोरियम, प्लूटोनियम, यूरेनियम आदि।
- रेडियोधर्मी बीटा, गामा आदि के कण किरणों के रूप में निकलते हैं।
- रेडियोधर्मी प्रदूषण के कारण जीन्स और गुणसूत्रों में हानिकारक उत्परिवर्तन होता है। इसके प्रभाव से जल, वायु और मृदा (तीनों) प्रदूषित होते हैं।

**49. [d]**

**व्याख्या:-**
- चाय की खेती रोपण कृषि का एक उदाहरण है, जिसे शुरुआत में अंग्रेज भारत में लाए थे।
- चाय का पौधा उष्ण और उपोष्ण कटिबंधीय जलवायु, ह्यूमस और जीवाश्म युक्त गहरी मिट्टी तथा सुगम जल निकास वाले ढलवाँ क्षेत्रों में भली-भाँति उगाया जाता है।
- चाय की झाड़ियों को उगाने के लिए वर्षभर कोष्ण, नम और पालारहित जलवायु की आवश्यकता होती है। वर्षभर समान रूप से होने वाली वर्षा की बौछारें इसकी कोमल पत्तियों के विकास में सहायक होती हैं। चाय एक श्रम-सघन उद्योग है।

**50. [b]**

**व्याख्या:-**
- न्यूनतम लिंगानुपात वाले राज्य- हरियाणा (879), जम्मू व कश्मीर (889), सिक्किम (890), पंजाब (895), उत्तर प्रदेश (912)
- भारत के सर्वाधिक लिंगानुपात वाले राज्य- केरल (1084), तमिलनाडु (996), आंध्र प्रदेश (993) मणिपुर (992), छत्तीसगढ़ (991)

**51. [c]**

**व्याख्या:-**
- संयुक्त राज्य अमेरिका और कनाडा में रॉकी पर्वतमाला के पूर्वी ढ़ालों पर नीचे उतरती गर्म पवन को चिनूक कहते है। चिनूक को स्थानीय भाषा में हिम भक्षक भी कहते है।
- फॉन चिनूक के समान ही आल्प्स पर्वत के उत्तरी ढाल के सहारे उतरने वाली गर्म व शुष्क हवा है।
- खमसिन सहारा से मिस्र की ओर चलने वाली गर्म पवनें होती हैं।
- सिरोक्को गर्म, शुष्क तथा रेत से भरी हवा है जो सहारा के रेगिस्तानी भाग से उत्तर की ओर भूमध्यसागर होकर इटली और स्पेन में प्रविष्ट होती है।

**52. [c]**

**व्याख्या:-**

- भारतीय अर्थव्यवस्था में सकल राष्ट्रीय उत्पादन में निर्माण क्षेत्र एवं विनिर्माण क्षेत्र का योगदान बढ़ रहा है,जबकि कृषि क्षेत्र का सापेक्षिक योगदान घट रहा है।
- सकल राष्ट्रीय उत्पादन में खनिज एवं उत्खनन का सापेक्षिक योगदान बढ़ रहा है।

**53. [c]**

**व्याख्या:-**

- 23 मई, 2019 को CSO तथा NSSO को मिलाकर राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (NSO) गठित किया गया जो वर्तमान में राष्ट्रीय आय के आँकड़े जारी करता है।
- सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय के काम-काज को सुव्यवस्थित और मजबूत करने तथा मंत्रालय के भीतर प्रशासनिक कार्यो को एकीकृत करके अधिक ताल-मेल बैठाने के लिए यह कदम उठाया गया है।

**54. [b]**

**व्याख्या:-**

- **$NDP_{fc}$ = $NDP_{mp}$ – अप्रत्यक्ष कर + सब्सिडी**

  ($NDP_{mp}$ = $GDP_{mp}$ – स्थिर पूँजी का उपभोग)

  $GDP_{mp}$ = 12,380 करोड़ रुपये

  स्थिर पूँजी उपभोग = 1,400 करोड़ रुपये

  सब्सिडी = 250 करोड़ रुपये

  अप्रत्यक्ष कर = 900 करोड़ रुपये

  $NDP_{mp}$ = $GDP_{mp}$ – स्थिर पूँजी का उपभोग

  $NDP_{mp}$ = 12,380 – 1400

  $NDP_{mp}$ = 10,980

  **$NDP_{fc}$ = $NDP_{mp}$ – अप्रत्यक्ष कर + सब्सिडी**

  $NDP_{fc}$ = 10,980 – 900 + 250

  $NDP_{fc}$ = 10,330

**55. [d]**

**व्याख्या:-**

- डी.टी. लकड़ावाला समिति ने वर्ष 1993 की रिपोर्ट में गरीबी के अनुमानों की गणना में मुद्रास्फीति के साथ मूल्य स्तर को समायोजित करने के लिए ग्रामीण क्षेत्रों के लिए "उपभोक्ता मूल्य सूचकांक- कृषि श्रमिक (CPI-AL)" व शहरी क्षेत्रों में "उपभोक्ता मूल्य सूचकांक- औद्योगिक श्रमिक (CPI-IW)"का उपयोग करने का सुझाव दिया।

**56. [b]**

**व्याख्या:-**

- सर विलियम पेटी ने सर्वप्रथम राष्ट्रीय आय लेखा की अवधारणा को 17 वीं शताब्दी में विकसित किया।
- अपनी पुस्तक political arithmetic में उन्होंने लिखा कि- एक देश की राष्ट्रीय आय एक वर्ष में श्रमिकों द्वारा उत्पादन मूल्य का कुल योग होती है।
- भारत में सर्वप्रथम राष्ट्रीय आय की गणना वर्ष 1876 में दादाभाई नौरोजी द्वारा वर्ष 1868 के लिए की गई। अपनी पुस्तक 'पॉवर्टी एंड अनब्रिटिश रूल इन इंडिया' में उन्होंने प्रति व्यक्ति आय 20 रुपये प्रतिवर्ष बताई।

**57. [c]**

**व्याख्या:-**

- जवाहर लाल नेहरू को भारतीय विदेश नीति का सुत्रधार कहा जाता है, इन्होंने स्वतंत्र विदेश नीति का संचालन किया जो कि यथार्थ पर आधारित थी।

**58. [c]**

**व्याख्या:-**

- अक्टूबर, 1962 के भारत-चीन युद्ध के बाद एशिया और अफ्रीका के कुछ देशों के सीमा विवाद को हल करने के लिए श्रीलंका की राजधानी में दिसम्बर, 1962 में सम्मेलन किया था।
- इस सम्मेलन में म्यांमार, कम्बोडिया, श्रीलंका, घाना, इंडोनेशिया तथा संयुक्त अरब गणराज्य के प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

**59. [b]**

**व्याख्या:-**

- चन्द्र शेखर प्रधानमंत्री बनने से पहले किसी राज्य के मुख्यमंत्री नहीं थे।
- भारत के वे प्रधानमंत्री जो प्रधानमंत्री बनने से पूर्व किसी भी राज्य के मुख्यमंत्री रहे जो निम्नलिखित है-

  (i) मोरारजी देसाई – मुम्बई राज्य पूर्व मुख्यमंत्री

  (ii) चरण सिंह – उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री

  (iii) वी.पी. सिंह – उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री

  (iv) पी.वी. नरसिम्हा राव – आन्ध्र प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री

  (v) एच. डी. देवगौड़ा – कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री

  (vi) नरेन्द्र मोदी – गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री

**60. [c]**

**व्याख्या:-**

- देश के लिए एक लिखित संविधान देने का विचार सर्वप्रथम क्रिप्स मिशन में किया गया था।
- भारत शासन अधिनियम, 1935 के द्वारा भारतीय रियासतों की एक 'अखिल भारतीय संघ' की परिकल्पना की गई।
- इस अधिनियम द्वारा प्रांतों में निर्वाचित प्रतिनिधियों द्वारा लोकप्रिय मंत्रिमंडल बनाए गए जो विधानमण्डल के प्रति उत्तरदायी थे।
- विधान मंडल में कुछ सरकारी सदस्यों का मनोनयन भी इस अधिनियम की विशेषता थी।

**61. [c]**

**व्याख्या:-**

- भारत के संविधान मे 'शोषण के विरूद्ध अधिकार' में अनुच्छेद-23 मानव के दुर्व्यापार बलात् श्रम तथा बेगार का प्रतिषेध जबकि अनुच्छेद-24 के तहत कारखानों आदि में बच्चों के नियोजन का प्रतिषेध किया गया है
- अनुच्छेद-17 के तहत अस्पृश्यता का उन्मूलन किया गया।
- अनुच्छेद-29 अल्पसंख्यक वर्गो के हितों का संरक्षण

**62. [d]**

**व्याख्या:-**

- **पूना पैक्ट:-**
- यह 24 सितम्बर, 1932 को हुआ था।
- मदन मोहन मालवीय के प्रयासों से पूना में गांधी जी व अम्बेडकर के बीच समझौता हुआ। (राजेन्द्र प्रसाद, राजगोपालाचारी, पुरूषोत्तम टंडन भी मध्यस्थ थे)

- साम्प्रदायिक निर्णय के समय गाँधी जी येरवदा जेल में थे तथा गाँधी ने साम्प्रदायिक निर्णय के विरूद्ध 20 सितम्बर, 1932 को जेल में ही आमरण अनशन प्रारम्भ कर दिया।
- अम्बेडकर इस समझौते के अन्तर्गत हरिजनों के लिए पृथक् प्रतिनिधत्व की माँग को वापस ले लिया तथा संयुक्त निर्वाचन के सिद्धान्त को स्वीकार किया गया।
- इस समझौते के अन्तर्गत हरिजनों के लिए विधान मण्डलों में सुरक्षित स्थान की संख्या 71 से बढ़ाकर 148 कर दी गई।
- इस समझौते के बाद गाँधी जी ने खुद को पूरी तरह, हरिजनों की सेवा में समर्पित कर दिया। 1932 ई. में गांधी जी ने अखिल भारतीय छुआछूत विरोधी लीग की स्थापना की ।

**63. [d]**

**व्याख्या:-**
- परमाणु अप्रसार संधि को संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा जून, 1968 में स्वीकार किया गया।
- परमाणु अप्रसार संधि एक ऐतिहासिक अंतर्राष्ट्रीय संधि है, जिसके निम्नलिखित उद्देश्य हैं–
- परमाणु हथियारों और हथियार प्रौद्योगिकी के प्रसार को रोकना।
- परमाणु ऊर्जा के शांतिपूर्ण उपयोग में सहयोग को बढ़ावा देना।
- परमाणु निरस्त्रीकरण और सामान्य पूर्ण निरस्त्रीकरण को प्राप्त करने के लक्ष्य को आगे बढ़ाना।
- यह संधि परमाणु हथियार राज्यों द्वारा निरस्त्रीकरण के लक्ष्य के लिए एक बहुपक्षीय संधि में एकमात्र बाध्यकारी प्रतिबद्धता का प्रतिनिधित्व करती है।

**64. [a]**

**व्याख्या:-**
- गुटनिरपेक्ष आंदोलन का प्रथम शिखर सम्मेलन वर्ष 1961 में बेलग्रेड में आयोजित हुआ था।
- 7 वाँ शिखर सम्मेलन वर्ष 1983 में नई दिल्ली (भारत) में आयोजित हुआ था।
- 19 वाँ शिखर सम्मेलन युगांडा (वर्ष 2023) में प्रस्तावित।

**65. [a]**

**व्याख्या:-**
- प्रधानमंत्री पी.वी.नरसिम्हाराव ने 'पूर्व की ओर देखो' नारे के साथ पूर्वी एशियाई देशों तथा जापान एवं कोरिया के साथ संबंधों को सुधारने का प्रयास किया।
- 1992 में भारत आसियान क्षेत्रीय मंच का सदस्य बना।

**66. [b]**

**व्याख्या:-**
- वर्तमान में संयुक्त राष्ट्र संघ में भारत के स्थायी प्रतिनिधि रुचिरा कंबोज हैं। वह 2022 से इस पद पर कार्यरत हैं।

**67. [a]**

**व्याख्या:-**
- अनुच्छेद-79 के अनुसार संघ के लिए एक संसद होगी जो राष्ट्रपति और दोनों सदनों (लोक सभा व राज्यसभा) से मिलकर बनेगी।
- अनुच्छेद-123 के तहत विशेष परिस्थितियों में राष्ट्रपति को अध्यादेश जारी करने की शक्ति प्राप्त है।
- अनुच्छेद-108 के तहत संसद के दोनों सदनों में 6 माह से अधिक का गतिरोध होने की स्थिति में संयुक्त बैठक आहूत कराता है।
- राष्ट्रपति दोनों सदनों की चर्चा में भाग नहीं लेता है।

**68. [b]**

**व्याख्या:-**
- अनुच्छेद-18 उपाधियों का अन्त- मूल अधिकार
- अनुच्छेद- 40 ग्राम पंचायतों का गठन- राज्य के नीति निदेशक तत्व
- अनुच्छेद-51 (क) 6 से 14 वर्ष तक के बालक/प्रतिपाल्य के लिए शिक्षा का अवसर मौलिक कर्त्तव्य
- अनुच्छेद– 1 इण्डिया अर्थात् भारत राज्यों- संघ और उसका राज्य क्षेत्र है।

**69. [d]**

**व्याख्या:-**
- क्रिप्स मिशन योजना के बारे में विद्वानों के कथन-
- गाँधी ने ''यह एक क्षतिग्रस्त बैंक के नाम के आगे की तारीख वाला चैक'' कहा।
- पं. जवाहर लाल नेहरू- ''टूटते हुए बैंक के नाम उत्तरदिनोक्रित चैक'' कहा।
- डां. पट्टाभिसीतारामैया-''अगस्त प्रस्ताव का परिवर्तित संस्करण मात्र'' कहा।

**70. [c]**

**व्याख्या:-**
- राजनीति दलों के कार्य निम्नलिखित हैं-
- ये सरकार और जनता के मध्य सेतु का कार्य करते है।
- ये राष्ट्र हित के अनुकूल जनमत बनाते है।
- निर्वाचन के समय प्रत्याशियों का चयन करते हैं।
- शासक दल की निरंकुशता पर रोक लगाने का प्रयास करते हैं।
- निर्वाचन में विजय प्राप्त करना और सरकार बनाना इनका प्रमुख कार्य है।
- मतदाता सूची बनवाने में यह सहयोग करते हैं।
- जनता को राजनीतिक प्रशिक्षण देते है।

**71. [b]**

**व्याख्या:-**
- संयुक्त राष्ट्र संघ सुरक्षा परिषद् अस्थायी सदस्य के रूप में भारत का कुल कार्यकाल जुलाई , 2025 तक 16 वर्ष रहा है।
- सुरक्षा परिषद् में पाँच स्थायी व दस अस्थायी सदस्य है जिनमें भारत एक अस्थायी सदस्य राष्ट्र है।

**72. [b]**

**व्याख्या:-**
- राजभवन जयपुर में 16वां आदिवासी युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम का आयोजन किया गया।
- इस कार्यक्रम में झारखंड, छत्तीसगढ़, उड़ीसा राज्यों के विभिन्न जिलों के युवा सम्मिलित हुए थे।
- कार्यक्रम में राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने भाग लिया और कार्यक्रम को संबोधित किया।

**73. [a]**

**व्याख्या:-**

- महत्वपूर्ण विकास: ग्रामीण और शैक्षिक पहल
- 1. बिंजवाड़िया गांव (जोधपुर) को स्मार्ट विलेज बनाने की घोषणा
- घोषणा: जोधपुर कृषि विश्वविद्यालय द्वारा
- अवधि: तीन वर्षों में विकास

**योजनाएं:**

- कृषि, पशु स्वास्थ्य और उन्नत बीज वितरण
- स्वास्थ्य व स्वच्छता अभियान
- कौशल विकास और कंप्यूटर साक्षरता
- नशामुक्ति निवारण शिविर
- वरिष्ठ नागरिक स्वास्थ्य शिविर

**74. [d]**

**व्याख्या:-**

- **किसान सम्मान निधि-**
- प्रथम फेज में किसान सम्मान निधि की राशि 6 हजार रूपये से बढाकर 8 हजार रूपये किया गया है।
- प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि भारत सरकार की एक पहल है जो किसानों को न्यूनतम आय सहायता के रूप में प्रति वर्ष ₹6,000 तक देती है।
- इस पहल की घोषणा पीयूष गोयल ने 1 फरवरी, 2019 को भारत के अंतरिम केंद्रीय बजट 2019 के दौरान की थी ।
- इस योजना की लागत ₹75,000 करोड़ के बराबर है।
- पीएम किसान सम्मान निधि योजना के तहत डीबीटी माध्यम से किसानों के खाते में पैसे ट्रांसफर किए जाते हैं। किसानों के खाते में हर 4 महीने के अंतराल में 3 किस्तों में 2-2 हजार रुपये भेजे जाते हैं।
- राज्य सरकार इस योजना के तहत अब 2000 रूपए अतिरिक्त प्रदान करेंगी।
- इस योजना की 19 किस्तें अब तक जारी हो चुकी हैं और अगली किस्त 20वीं जुलाई में आने की संभावना है।

**75. [c]**

**व्याख्या:-**

- राजस्थान का पहला जल संरक्षण जीरो लिक्विड डिस्चार्ज प्लांट जयपुर डेयरी में लगाया गया है।
- यह प्लांट जल संरक्षण और पर्यावरण के लिए एक अहम कदम साबित होगा।

**इस प्लांट के फ़ायदे:**

- इस प्लांट से डेयरी को हर साल करीब 1.3 करोड़ रुपये की बचत होगी। यह प्लांट 2 लाख लोगों के लिए जल की उपलब्धता सुनिश्चित करेगा।

**76. [c]**

**व्याख्या:-**

- राज्य सरकार ने घुमंतु परिवारों के लिए मुहिम चलाने वाले तारातरा निवासी विक्रमसिंह राठौड़ को ब्रांड एंबेसडर घोषित किया है।
- शिक्षा एंव पंचायतीराज मंत्री मदन दिलावर ने आदेश जारी कर बताया कि राज्य सरकार घुमंतु, अर्द्ध घुमंतु व विमुक्त जातियों के परिवारों के लिए आवासीय भूखंड आवंटन के लिए महाभियान चलाया जा रहा है।
- इस अभियान में व्यापक जन सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए राजस्थान सरकार द्वारा इस अभियान में उत्कृष्ट कार्य करने पर विक्रमसिंह राठौड़ को घुमंतु ब्रांड एंबेसडर घोषित किया है।
- गौरतलब है कि राठौड़ लंबे समय से घुमंतु परिवारों को भूखंड आवंटन के साथ उनसे जुड़े मुद्दों को लेकर पैरवी कर रहे हैं।
- **अजय भादू** - गवर्नमेंट ई मार्केटप्लेस का सीईओ
- **डॉ. शिवकुमार कल्याण रमन** - अनुसंधान नेशनल रिसर्च फाउंडेशन का सीईओ
- **काश पटेल** - एफबीआई के 9वें निदेशक

**77. [d]**

**व्याख्या:-**

- राजस्थान दिवस (चैत्र शुक्ल प्रतिपदा, 30 मार्च) के उपलक्ष्य में राज्य सरकार द्वारा वृहद स्तर पर कार्यक्रम आयोजित किया गया।
- राजस्थान दिवस समारोह का आगाज 25 मार्च को मरुधरा बाड़मेर से मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा की उपस्थिति में आयोजित मातृवन्दन को समर्पित 'महिला सम्मेलन' से हुआ था । 26 मार्च को 'किसान सम्मेलन एवं एफ.पी.ओ. कार्यक्रम' के मुख्य समारोह का आयोजन बीकानेर में तथा 27 मार्च को 'गरीब एवं अन्त्योदय' का मुख्य कार्यक्रम, 28 मार्च को 'सुशासन समारोह' का आयोजन भीलवाड़ा में एवं 29 मार्च को 'युवा एवं रोजगार उत्सव' का आयोजन कोटा में हुआ।

**78. [d]**

**व्याख्या:-**

- राजस्थान के तीरंदाज रजत चौहान को पहली बार कंपाउंड आर्चरी को लॉस एंजिलिस 2028 ओलिंपिक में मिक्स्ड टीम इवेंट के रूप में शामिल किया गया है।
- इनका संबंध राजस्थान के जयपुर जिले से है।
- रजत ने एशियन गेम्स, वर्ल्ड कप, वर्ल्ड चैम्पियनशिप, एशियन चैम्पियनशिप, नेशनल गेम्स, नेशनल हर मेडल कंपाउंड आर्चरी में जीते है।
- इन्हे 2016 में अर्जुन पुरस्कार प्रदान किया गया।

**उपलब्धियां**

- 2015-विश्व चैंपियनशिप में रजत
- 2014-एशियाई खेल स्वर्ण पदक
- 2018-एशियाई खेल रजत पदक
- 2015-एशियाई चैम्पियनशिप 2 स्वर्ण
- 2017-एशियाई चैम्पियनशिप रजत
- 2019- एशियाई चैम्पियनशिप रजत

**79. [c]**

**व्याख्या:-**

- जयपुर में 'मीट इन इंडिया' कॉन्क्लेव और जीआईटीबी 2025 का उद्घाटन 04 मई को किया गया ।
- इस कार्यक्रम का शुभारंभ राजस्थान की उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी और केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने सीतापुरा में संयुक्त रूप से किया।
- कॉन्क्लेव में विकास को गति देने, पर्यटन नीतियों से माइस(MICE) के अवसरों को बढ़ावा देने, भारत की माइस पर्यटन क्षमता को अनलॉक करने, वैश्विक माइस आयोजनों को आकर्षित करने के लिए कन्वेंशन सेंटरों को बढ़ाने और सफलता के लिए रणनीति बनाने जैसे विषयों को शामिल किया गया है: नीतियों का विकास करना और भारत को एक अग्रणी वैश्विक माइस हब के रूप में बढ़ावा देना।

**80. [b]**

**व्याख्या:-**

- **इंटरनेशनल थ्रोबॉल टूर्नामेंट में स्वर्ण पदक जीतने वाली पैरा प्लेयर सोनिया चौधरी का संबंध राजस्थान के भरतपुर जिले से है।**
- सोनिया चौधरी का इंटरनेशनल पैरा थ्रो बॉल मैच सीरीज में गोल्ड मेडल
- स्थान - कंबोडिया में आयोजित इंटरनेशनल पैरा थ्रो बॉल मैच सीरीज।
- तारीख - 5 से 7 दिसंबर,2024
- प्रतिनिधित्व - टीम इंडिया का प्रतिनिधित्व करते हुए सोनिया चौधरी ने प्रतियोगिता में भाग लिया।
- सोनिया चौधरी का प्रदर्शन –
- गोल्ड मेडल - सोनिया चौधरी ने गोल्ड मेडल जीतकर देश का नाम रोशन किया।
- बेस्ट प्लेयर - टूनर्मेंट में उन्हें बेस्ट प्लेयर का खिताब भी मिला।

**81. [a]**

**व्याख्या:-**

- सामाजिक मनोविज्ञान का परिचय – विलियम मैक्डूगल
- मनोविज्ञान के सिद्धांत – विलियम जेम्स
- व्यवहार के सिद्धांत – सी.एल. हल
- इमाइल – रूसो
- डी-एनिमा – अरस्तु
- टॉक टू टीचर्स – विलियम जेम्स
- एम्पीरिसिज्म – जॉन लॉक
- आउटलाइन ऑफ साइकोलॉजी – विलियम मैक्डूगल

**82. [d]**

**व्याख्या:-**

- अधिगम एक सतत प्रक्रिया है जिसके द्वारा बालक में समायोजन क्षमता का विकास तथा उच्चतम परिपक्वता के स्तर का विकास होता है। अधिगम का संबंध ज्ञान से है परंतु सिर्फ ज्ञान प्राप्ति ही अधिगम नहीं है।

**83. [a]**

**व्याख्या:-**

- संरचनावादी ढाँचे में अधिगम प्राथमिक रूप से अवलोकन की प्रक्रिया पर केंद्रित है। इसके अनुसार ज्ञान का निर्माण अधिगमकर्ता के पूर्व ज्ञान/अनुभव पर आधारित होता है। विद्यार्थी वस्तुओं एवं उन्हें प्रस्तुत की गई गतिविधियों से ही सक्रिय रूप से पुराने अनुभवों को नए विचारों से जोड़ते हुए ज्ञान का सृजन करता है।

**84. [b]**

**व्याख्या:-**

- यूरी ब्रोनफेन ब्रेन्नर ने जैव पारिस्थितिकी परक सिद्धांत प्रतिपादित किया जिसमें उन्होंने पारिस्थितिकी तंत्र को 5 मण्डल/स्तर में विभाजित किया-

  **1. लघु मण्डल (Micro System)** परिवार, मित्र-मण्डली, विद्यालय।

  **2.मध्यमण्डल (Meso System)**
  - माता-पिता के आपसी संबंध।
  - विद्यालय के साथ बालक के संबंध।
  - परिवार व विद्यालय के संबंध

  **3. बाह्य मण्डल (Exo System)** माता-पिता का कार्यस्थल, धार्मिक संस्थान आदि।

  **4. वृहद मण्डल (Mecro System)** सबसे बड़ा मण्डल। इसमें बालक में सामाजिक-सांस्कृतिक, मानवीय एवं आर्थिक मूल्य विकसित होते हैं।

  **5. घटक मण्डल (Cromo System)** सामाजिक व ऐतिहासिक घटनाएँ।

**85. [a]**

**व्याख्या:-**

- समायोजन के प्रत्यक्ष उपाय-

  (i) लक्ष्य प्रतिस्थापन (ii) बाधा निवारण
  (iii) मार्ग परिवर्तन (iv) व्याख्या/निष्कर्ष/निर्णय।

  जबकि युक्तिकरण, प्रतिक्रिया निर्माण, उदात्तीकरण आदि समायोजन के अप्रत्यक्ष उपाय हैं।

**86. [d]**

**व्याख्या:-**

- बुद्धि की निम्नलिखित विशेषताएँ हैं-

  (i) बुद्धि, व्यक्ति की जन्मजात शक्ति है, जिस पर वंशानुक्रम व वातावरण का प्रभाव पड़ता है।
  (ii) बुद्धि, विभिन्न क्षमताओं का सम्पूर्ण योग है।
  (iii) बुद्धि के सहारे व्यक्ति उद्देश्यपूर्ण क्रिया करता है।
  (iv) बुद्धि व्यक्ति को वातावरण के साथ प्रभावकारी ढंग से समायोजन या अनुकूलन करने में मदद करती है।
  (v) बुद्धि समस्या-समाधान करने की योग्यता है।

**87. [c]**

**व्याख्या:-**

- सृजनात्मकता के प्रमुख तत्त्व/लक्षण निम्नलिखित हैं-

  1. मौलिकता 2. धाराप्रवाहिता
  3. लचीलापन 4. विस्तारण

  जबकि अनुशासन सृजनशीलता का प्रमुख तत्त्व नहीं है।

**88. [d]**

**व्याख्या:-**

- किसी दूसरी वस्तु की बजाय एक वस्तु पर चेतना का केंद्रीकरण कर लेना 'अवधान' कहलाता है।

  1. अवधान उद्देश्यपूर्ण होता है।
  2. अवधान शरीर की विशेष मुद्रा है।
  3. अवधान एक चयनात्मक प्रक्रिया है।

**89. [d]**

**व्याख्या:-**

- शिक्षा मनोविज्ञान का महत्त्व निम्नलिखित है-

  1. व्यक्तिगत विभिन्नताओं को समझने में।
  2. अधिगम प्रक्रिया को समझने में।
  3. बालक की आवश्यकताओं एवं व्यवहार को समझने में।
  4. विकासात्मक विशेषताओं को समझने में।
  5. मापन एवं मूल्यांकन में।
  6. निर्देशन व परामर्श में।

**90. [c]**

**व्याख्या:-**

- सामाजिक/प्रेक्षणीय अधिगम सिद्धांत → अल्बर्ट बाण्डूरा
- सामाजिक अधिगम के सोपान/तत्त्व
  (i) अवधान/ ध्यान/ अवलोकन (Attention) – दूसरों के व्यवहार को देखना।
  (ii) धारण करना (Retention) – व्यवहार को धारण करना।
  (iii) पुन: प्रस्तुतीकरण (Production) – दूसरों के सामने व्यवहार को प्रस्तुत करना।
  (iv) अभिप्रेरणा/पुनर्बलन (Motivation) – प्राणी को सकारात्मक पुनर्बलन मिलने पर व्यवहार को सीख लेता है।

**91. [c]**

**व्याख्या:-**

- **अच्छा लड़का-अच्छी लड़की अवस्था –** यह कोहलबर्ग के नैतिक विकास सिद्धांत की परम्परागत स्तर की पहली अवस्था है। इस अवस्था में बालक नैतिक व्यवहार प्रशंसा प्राप्ति के लिए करता है। बालक उसी काम को करना पसंद करता है जिसको करने से प्रशंसा प्राप्त होती है।

**92. [b]**

**व्याख्या:-**

- व्यक्तित्व मापन की आत्मनिष्ठ विधियाँ निम्नलिखित हैं-
  (i) आत्मकथा लेखन विधि (ii) जीवन इतिहास विधि
  (iii) प्रश्नावली विधि (iv) साक्षात्कार विधि आदि
  जबकि स्वप्न विश्लेषण विधि मनोविश्लेषण विधि है।

**93. [b]**

**व्याख्या:-**

- बहुबुद्धि सिद्धांत का प्रतिपादन सन् 1983 में हॉवर्ड गार्डनर ने किया।
- इसमें मूलरूप से गार्डनर ने कहा कि बुद्धि का स्वरूप एकाकी न होकर बहुकारकीय होता है।
- गार्डनर ने मूल रूप से बुद्धि के सात प्रकार बताए, परन्तु कुछ समय बाद वर्ष 1998 में 8वाँ प्रकार "प्राकृतिक बुद्धि" तथा वर्ष 2000 में 9वाँ प्रकार 'अस्तित्ववादी बुद्धि' जोड़ा। इस प्रकार वर्तमान में इसके 9 प्रकार हैं-
  1. भाषाई बुद्धि 2. तार्किक-गणितीय बुद्धि
  3. स्थानिक बुद्धि 4. शारीरिक गतिक बुद्धि
  5. संगीतात्मक बुद्धि
  6. व्यक्तिगत-आत्मन बुद्धि/ अन्त:व्यक्तिगत बुद्धि
  7. व्यक्तिगत-अन्य बुद्धि/अन्तर्वैयक्तिक बुद्धि
  8. प्राकृतिक बुद्धि 9. अस्तित्ववादी बुद्धि

**94. [d]**

**व्याख्या:-**

- विशिष्ट बालक वे बालक होते हैं जो अपनी योग्यताओं, क्षमताओं, व्यवहार तथा व्यक्तित्व संबंधी विशेषताओं में अपनी आयु के अन्य औसत अथवा सामान्य बालकों से बहुत अधिक भिन्न होते हैं। जैसे-
  1. प्रतिभाशाली बालक 2. पिछड़ा बालक
  3. समस्यात्मक बालक 4. मंदबुद्धि बालक
  5. बाल अपराधी बालक

**95. [d]**

**व्याख्या:-**

- मनोविश्लेषणवाद की स्थापना सन् 1900 में सिगमण्ड फ्रायड के द्वारा की गई।
- फ्रायड ने मन के तीन स्तरों का वर्णन किया है- चेतन, अर्द्धचेतन तथा अचेतन।
- फ्रायड ने अचेतन को अधिक महत्त्वपूर्ण बताया है और कहा है कि मन का एक काफी बड़ा हिस्सा (9/10) अचेतन होता है और व्यक्ति का व्यक्तित्व अचेतन की प्रेरणाओं द्वारा निर्धारित होता है।

**96. [c]**

**व्याख्या:-**

- रॉबर्ट एम. गैने की अधिगम सोपानिकी में "संकेत अधिगम" आई.पी. पावलॉव के 'क्लासिकी अनुबंधन सिद्धांत' पर आधारित है।

**97. [d]**

**व्याख्या:-**

- किशोरावस्था में अनेक नए प्रकार की परिस्थितियों के साथ समायोजन की समस्या के परिणामस्वरूप सांवेगिक भावना में तीव्रता आ जाती है। ये परिस्थितियाँ होती हैं-
  (i) प्रतिकूल पारिवारिक संबंध (ii) व्यवसाय की समस्या
  (iii) नई परिस्थितियों के साथ समायोजन की समस्या
  (iv) सामाजिक परम्पराएँ (v) विद्रोह की भावना

**98. [d]**

**व्याख्या:-**

- युंग ने मनोवैज्ञानिक गुणों के आधार पर अपनी प्रसिद्ध पुस्तक 'साइकोलॉजिकल टाइप्स' में व्यक्तित्व के दो मुख्य प्रकार बताए-
  **(i) अन्तर्मुखी व्यक्तित्व –** जो स्वयं में जीना पसंद करते हैं, कम सामाजिक अन्त:क्रिया, अकेलापन, दोस्तों का अभाव, आदर्शवादी, नेतृत्व क्षमता का अभाव आदि विशेषताएँ होती हैं।
  **(ii) बहिर्मुखी व्यक्तित्व –** जो मिलना-जुलना पसंद करते हैं तथा प्राय: खुशमिजाज रहते हैं। अधिक सामाजिक, आशावादी, नेतृत्व क्षमता आदि विशेषताएँ पाई जाती हैं।
  बाद में कुछ मनोवैज्ञानिक ने एक और प्रकार 'उभयमुखी' बताया, जिसमें दोनों के गुण पाए जाते हैं।

**99. [d]**

**व्याख्या:-**

- जॉन मेयर व पीटर सैलोव ने संवेगात्मक बुद्धि के पाँच तत्त्व बताए-
  1. स्वयं के संवेगों को पहचानना व समझना।
  2. दूसरों के संवेगों को पहचानना व समझना।
  3. संवेगों का प्रबंधन/नियंत्रण
  4. स्वयं के संवेगों को अभिप्रेरित करना।
  5. अंतर्वैयक्तिक संबंधों का निर्माण करना।

**100. [c]**

**व्याख्या:-**

- जैविक प्रेरक – भूख, प्यास, नींद, यौन (काम) एवं मलमूत्र त्याग।
- कृत्रिम प्रेरक – उपलब्धि, पद, प्रतिष्ठा, पुरस्कार, दण्ड, संबंधन, शक्ति आदि।

♦ ♦ ♦ ♦


विज्ञापन

मुश्किल परीक्षाएँ भी आसान लगेगी
जब तैयारी होगी लक्ष्य के साथ

लक्ष्य क्लासेज उदयपुर

# तृतीय श्रेणी (3rd Grade)

## अध्यापक भर्ती परीक्षा




## LEVEL-I and LEVEL-II

(हिन्दी, ENGLISH, संस्कृत, सामाजिक अध्ययन, SCIENCE-MATH)

### - COURSE OFFERED -

- NOTES WITH LIVE FROM CLASSROOM BATCH
- NOTES WITH RECORDED BATCH
- MCQ BASED BATCH
- TASK BASED TEST SERIES
- OFFLINE CLASSROOM BATCH

### क्यों हैं लक्ष्य क्लासेज विशेष?

- व्यापक अध्ययन सामग्री
- MCQ की बुकलेट
- नियमित टेस्ट सीरीज
- पूर्णत: समर्पित यूट्यूब चैनल
- लाइब्रेरी सुविधा
- अनुभवी एवं योग्य फैकल्टी
- सुसज्जित स्मार्ट क्लासरूम
- ऑनलाइन एप्लीकेशन एक्सेस
- मासिक करंट अफेयर्स मैगज़ीन
- नियमित काउंसलिंग

MRP ₹220

Scan to Download Lakshya App Now

Google play

INSTAGRAM FACEBOOK YOUTUBE TELEGRAM

S. No. : AP0017

CODE : APDO

सफलता के पथ पर सबसे तेज उभरता हुआ संस्थान

लक्ष्य क्लासेज™

M. 9079798005, 6376491126

Plot No 1104, Shiksha Mandir, Sec 4, Circle, Main Road, Udaipur